Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 294 | रविवार , 26 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## चंद्रबाबू नायडू का बड़ा बयान

# 'यह दशक मोदी का है , नीतीश कुमार के लिए करूंगा प्रचार'

**नई दिल्ली।**

चंद्रबाबू नायडू ने वर्तमान दशक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दशक बताते हुए बिहार विधानसभा चुनावों में राजग की जीत का विश्वास व्यक्त किया। नायडू ने पुष्टि की कि वह नीतीश कुमार के लिए बिहार में प्रचार करेंगे, केंद्र सरकार को प्रगतिशील और आम आदमी के हित में सुधार लाने वाली बताया। अगर कभी राजनीतिक जिम्नास्टिक का कोई पुरस्कार होता, तो निःसंदेह नीतीश कुमार स्वर्ण पदक की दौड़ में होते और चंद्रबाबू नायडू पोडियम फिनिश के लिए प्रतिस्पर्धा करते। नरेंद्र मोदी के कट्टर विरोधियों से लेकर उनके वफादार सहयोगियों तक, दोनों मुख्यमंत्रियों का रूपांतरण लगभग पूरा हो चुका है। जिस तरह से जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी संसद में वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में खड़ी हुईं, वह इस बात का और सबूत है कि पिछले दस महीनों में पासा कितनी तेजी से पलटा है। जून 2024 में त्रिशंकु संसद के फैसले के बाद फैसले लेने की स्थिति में होने से, नीतीश और नायडू दोनों ने अब चुपचाप भाजपा की प्रमुख स्थिति को स्वीकार कर लिया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू मौजूदा दशक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दशक बताते हुए कहा कि उन्हें आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत पर पूरा विश्वास है। नायडू ने यह भी कहा कि वह बिहार में राजग उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। पीटीआई वीडियो को दिए एक विशेष साक्षात्कार के दौरान नायडू ने केंद्र की राजग सरकार को प्रगतिशील बताया और कहा कि यह आम आदमी के हित के लिए कई सुधार ला रही है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने एक वर्ष के अंदर ही सुपर सिक्स चुनावी वादों को सफलतापूर्वक पूरा कर दिया है। नायडू ने कहा, यह दशक नरेन्द्र मोदी का है।

और जब यह दशक नरेंद्र मोदी जी का है, तो स्वाभाविक रूप से यह भारतीयों का भी है। नायडू ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सत्तारूढ़ राजग अगले महीने होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए प्रचार करेंगे, तो उन्होंने उत्तर दिया, हां। जब भी राजग मुझे बुलाएगा, मैं जाने और उनके साथ काम करने के लिए तैयार हूं।



# गाजियाबाद में सवा घंटे रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

**साहिबाबाद।**



इंदिरापुरम स्थित नवनिर्मित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का रविवाद को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उद्घाटन करेंगी। उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत अन्य वीवीआईपी रहेंगे।

इस बड़े कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शनिवार को कार्यक्रम को लेकर एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने यशोदा परिसर में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को लेकर ब्रीफिंग की और मॉकड्रिल भी की। कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश व अन्य बिंदुओं पर पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए गए। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर मिनट-टू-मिनट शेड्यूल भी जारी किया गया है। इसके अनुसार राष्ट्रपति करीब सवा घंटे तक कार्यक्रम स्थल पर रहेंगी। कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 11:20 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी। यहां उन्हें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, अस्पताल के सीएमडी डॉ. पीएन आरोड़ा, उनकी पत्नी उपासना अरोड़ा व बेटा शुभांग अरोड़ा रिसीव करेंगे। इसके बाद उनके साथ अस्पताल के डॉक्टरों व अन्य करीब 100 लोगों के स्टाफ का ग्रुप फोटो होगा। अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर का दौरा करने के बाद उनके 10 मिनट रिजर्व रखे गए हैं। 11:45 बजे वह अस्पताल का उद्घाटन करेंगी और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। यहां राष्ट्रगान के बाद डॉ. पीएन आरोड़ा का संबोधन होगा। इसके बाद अस्पताल पर बनी तीन मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी। बाद में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन होगा। अंत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन के बाद कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाएगा और दोपहर 12:30 बजे वह रवाना हो जाएंगी। कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की तय की गई जिम्मेदारी राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई हैं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी भी आएंगे**

## अनूपपुर में जज के घर पर हमला, जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह चावड़ा के घर पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसी के साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट को जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। शनिवार तड़के कुछ लोगों ने जज को जान से मारने की धमकी दी, साथ ही उनके आवास पर पथराव भी किया। जिससे जज के परिवार में भय का माहौल है।

# एंटी-टैरिफ विज्ञापन पर आगबूबला ट्रंप, कनाडा पर नया आर्थिक प्रहार, 10% अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का एलान

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के टैरिफ-विरोधी विज्ञापन को लेकर आगबूबला है। इस बीच ट्रंप ने कनाडा पर विवादित विज्ञापन जल्दी ना हटाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात कर लगाने का एलान किया है। अमेरिका और कनाडा के बीच ट्रेड वॉर तेज होता जा रहा है। इस घमासान को कनाडा के टैरिफ विज्ञापन ने और तूल दे दिया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापार वाताओं को खत्म करने की घोषणा की। वहीं अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के बयान वाले विवादित टैरिफ विज्ञापन को नहीं हटाने पर आगबबूला हुए ट्रंप ने 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के टैरिफ-विरोधी विज्ञापन को लेकर गुस्से में हैं। इस बीच ट्रंप ने कनाडा पर विवादित विज्ञापन जल्दी ना हटाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात कर लगाने का एलान किया है। कनाडा के विज्ञापन में पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल अमेरिकी टैरिफ की आलोचना करने के लिए किया गया था, जिससे ट्रम्प नाराज हो गए और कनाडा के साथ व्यापार वार्ता समाप्त कर दी। हालांकि ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि वह सप्ताहांत के बाद इस विज्ञापन को हटा देंगे। इस बीच यह विज्ञापन शुक्रवार रात वर्ल्ड सीरीज के पहले मैच के दौरान चलाया गया। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन से मलयेशिया जाते समय अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, ₹उनका विज्ञापन तुरंत हटाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे कल रात वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया, यह जानते हुए भी कि यह एक धोखाधड़ी है।



## छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में पदस्थ सहायक शिक्षक को प्रधानमंत्री के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। विकासखंड बलरामपुर के शासकीय प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अशोभनीय टिप्पणी की गई थी। विभागीय जांच में इसे छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिकारी-कर्मचारी के इंटरनेट मीडिया के उपयोग संबंधी मार्गदर्शी निर्देश का उल्लंघन पाया गया था। इस आधार पर ईश्वरी प्रसाद टंडन (सहायक शिक्षक एलबी) को निलंबित कर दिया गया था।

# आतंकी संगठन आईएसआईएस से अदनान को एटीएस ने पकड़ा



**भोपाल।**

आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़ाव के कारण दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए भोपाल के अदनान खान के साथ संदिग्ध गतिविधियों में सम्मिलित रहने के आरोप में भोपाल व आसपास के कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। बताया जा रहा है कि अदनान इन लोगों को देशविरोधी गतिविधियों और कट्टरपंथी विचारधारा के लिए बरगला रहा था। मध्य प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और दिल्ली पुलिस इन युवाओं के संबंध में पूरी जानकारी जुटाने में लगे हैं। बता दें कि अदनान को दिल्ली पुलिस ने मप्र एटीएस के सहयोग से भोपाल के करोंद से गिरफ्तार किया था। वह सीए की तैयारी कर रहा था। दिल्ली में आइएसआइएस से जुड़े अदनान नाम के ही एक संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मिली जानकारी आधार पर भोपाल में अदनान खान को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि दोनों सीरिया में मौजूद आइएसआइएस हैंडलर अबू इब्राहिम अल-कुरैशी के संपर्क में थे। गिरफ्तारी के बाद मप्र एटीएस ने भोपाल में ही अदनान से पूछताछ की थी। अब दिल्ली पुलिस से मिले ताजे इनपुट पर मप्र एटीएस फिर पूछताछ कर सकती है। दिल्ली पुलिस से पूछताछ में भोपाल के अदनान ने बताया कि वह आनलाइन जिहादी सामग्री देखने के बाद कट्टरपंथी बन गया था। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम में ग्रुप बनाकर आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है।

**अभी भोपाल के कुछ और युवकों की हो सकती है गिरफ्तारी**

# सारााभाई वर्सेस साराभाई' फेम अभिनेता सतीश शाह का निधन

**नई दिल्ली।**




सतीश शाह का पार्थिव शरीर 26 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक उनके घर पर रहेगा। मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर दोपहर 12 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा। 'साराभाई वर्सेस साराभाई' फेम अभिनेता सतीश शाह का निधन हो गया है। भारतीय फिल्म निमार्ता और निर्देशक अशोक पंडित ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि अभिनेता इस दुनिया में नहीं रहे। शनिवार दोपहर किडनी फेलियर के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली।

शाह के पार्थिव शरीर को अस्पताल में ही रखा गया है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे। वो काफी समय से ना तो किसी पब्लिक इवेंट में नजर आए थे और ना ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म 'हमशक्ल' रिलीज हुई थी। फिल्ममेकर ने इंस्टाग्राम पर निधन की खबर साझा करते हुए लिखा- 'दुख और सदमे के साथ आपको यह सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय मित्र और शानदार अभिनेता सतीश शाह का कुछ घंटे पहले किडनी फेल होने के कारण निधन हो गया। उन्हें तुरंत हिंदुजा अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। यह हमारे उद्योग के लिए एक बड़ी क्षति है। सतीश शाह का जन्म 25 जून 1951 को मुंबई में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर उनका रुझान था।

उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया , पुणे से अभिनय की शिक्षा ली।

**आज को होगा अंतिम संस्कार**

# सबरीमाला मंदिर चोरी: पुलिस छापेमारी में सोना बरामद, जांच जारी

**नई दिल्ली।**

केरल के प्रख्यात सबरीमाला मंदिर की मूर्ति से सोना चोरी के मामले की जांच के लिए गठित विशेष दल (एसआइटी) ने शनिवार को प्रमुख आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के बेंगलुरु स्थित फ्लैट और बेल्लारी की ज्वेलरी शॉप पर छापेमारी की। एसआइटी पोट्टी को साथ लेकर छापेमारी कर रही है। एसआइटी ने गोवर्धन की ज्वेलरी शॉप पर सोने की बरामदगी के लिए छापा मारा था। एसआइटी अधिकारियों ने बताया है कि छापे में ज्वेलरी शाप से सोने की कई छड़ें बरामद हुई हैं। अभी यह पुष्ट होना बाकी है कि यह सोना वही है जो 2019 में मंदिर से इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए भेजी गई मूर्तियों से निकाला गया है या नहीं। पता चला है गोवर्धन ने ही मंदिर के श्रीकोविल द्वार के फ्रेम की गोल्ड प्लेटिंग के लिए धन का इंतजाम किया था। जबकि इस कार्य के लिए ठेका पोट्टी को मिला था।



# भाजपा-शिंदे सेना का 'मिशन 150+' , महायुति की जीत का रोडमैप तैयार

**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण निकाय चुनावों में से एक माने जाने वाले बीएमसी चुनाव, दोनों गठबंधनों - भाजपा-शिंदे-सेना के नेतृत्व वाले महायुति और उद्धव ठाकरे के गुट के नेतृत्व वाले एमवीए - की ताकत का परीक्षण करेंगे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना ??है कि ये नतीजे मुंबई की नगर निगम सत्ता की गतिशीलता को आकार दे सकते हैं और 2029 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की दिशा तय कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है और 140 से 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। इसकी सहयोगी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, महायुति गठबंधन के तहत 70 से 80 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा महा विकास अघाड़ी (एमवीए)के भीतर आंतरिक दरारों को, खासकर उन इलाकों में जहाँ एमवीए का पारंपरिक रूप से प्रभाव रहा है, अपनी पकड़ मजबूत करने के एक अवसर के रूप में देख रही है।



## संपादक की कलम से

# मलबे की तहों पर

डंपिंग पर वैज्ञानिक नीति बनाने की आवश्यकता और अदालत के आदेश को कार्यान्वित करने की मंशा से हिमाचल ने कुछ महकमों की उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। मलबा अपने चरित्र में विस्फोटक हो गया और नवनिर्माण का यह वाई प्रोडेक्ट शैतान हो गया। दरअसल आपदा और निर्माण से पहले अगर मलबे की शक्ल देख ली जाए, तो टनों के हिसाब से हमने अपनी बबार्दी का सामान एकत्रित किया है। प्राकृतिक और बरसाती आपदा का हर कारण, मलबे की तहों पर खड़ा है। ऐसा भी नहीं कि मलबा इस्तेमाल नहीं हो सकता या इसके सदुपयोग से नई सतह पर आविष्कार नहीं हो सकता, लेकिन पिछले तीन दशकों या यूं कहें कि जब से धरती को खोदने की मशीनें सक्रिय हुई हैं, हमने इसे अपनी ही परेशानी का सबब बना लिया। मलबा पावर प्रोजेक्ट व बड़े बांधों की तश्तरी में आकर पानी में उफान पैदा कर रहा है। मानवीय गतिविधियों के अतिक्रमण से प्राकृतिक जल निकास को बाधित कर रहा है। गलत शहरी और ग्रामीण विकास से चिन्हित मलबे ने कई कब्रगाह बना लिए हैं, तो जलापूर्ति और सीवरेज की गलत स्थापना ने आसपास मलबे की नींव खोद दी है। ऐसा भी नहीं है कि सारा मलबा विकास ही पैदा कर रहा है। वनों के साम्राज्य को बढ़ाते हुए भौगोलिक दृष्टि से पैदा होती घास, झाडियों और वनस्पति को रौंद कर उगाए गए चीड़ प्रजाति के पेड़ों ने जमीन को भस्मासुर बना दिया। लगातार गिरते पेड़ों को अगर वन महकमा हटाए तथा जंगल में जल निकासी को दिशा दिखाए, तो कम से कम इसकी वजह से शुरू हुआ मलबा आखेट तो कम हो जाएगा। बेशक समिति की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी महकमा अपनी सडकों के किनारे मलबे की डंपिंग या हर अवरुद्ध मार्ग को खोलने के प्रयत्न में इसे गहरी खाई या नदी–नालों में सरका देने की छूट से परहेज करना होगा। सडकों को खोदते विभिन्न विभाग भी कम दोषी नहीं, लेकिन ग्रामीण व शहरी समाज की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की परिपाटी अगर संबंधित विभाग नहीं बनाएंगे तो सारी बस्तियां एक दिन मलबा बन जाएंगी। टीसीपी एक्ट से भागते तमाम जनप्रतिनिधियों को भी बताना होगा कि जब किसी शहरी विकास योजना या ग्रीन बैल्ट के प्रतिबंध से हटा कर क्षेत्र मुक्त किए जाते हैं तो अंधाधुंध निर्माण अपने साथ मलबे की सौगात में प्राकृतिक व भौगोलिक परिस्थितियां बदल देता है। इसी बरसात की फांस में मंडी, मनाली, मकलोडगंज, सोलन, शिमला, नयना देवी और बाकी शहरों में गिरे मलबे में शहरी विकास योजनाओं का दोष खोज लेना चाहिए। शहरी निकाय खास तौर पर नगर निगमों में निर्माण की अनुमत्तियों के पैमाने साफ नहीं किए, तो हर इमारत एक दिन मलबा बनेगी। बहरहाल उपसमिति को डंपिंग का मूल्यांकन करते हुए आगे वैज्ञानिक समाधान खोजना होगा। यहां हम स्पष्ट कर दें कि नए डंपिंग ग्राउंड या डंपिंग से नए ग्राउंड बनाने की हर अवधारणा का समाधान केवल वन भूमि से ही निकलेगा। प्रदेश को जिस लैंड बैंक, डंपिंग स्थलों, जल निकासी और भविष्य के प्रति अति आवश्यक प्लानिंग की जरूरत है, उसके लिए भूमि की पुकार बदलते हुए, विकास के लिए जमीन की हर जरूरत जंगल से पूरी होगी। मलबे की डंपिंग को अगर योजनाबद्ध किया जाए, तो हर शहर और गांव में न केवल प्राकृतिक विनाश घटेगा, बल्कि इससे खेल मैदान, पार्किंग स्थल, चरागाहों का विस्तार, खड्डों व नालों के तटीकरण के अलावा लैंड बैंक विकसित करने की नई क्षमता विकसित होगी।



ललित शर्मा
संपादक



मोनिका डागा

## छठ पूजा

कविता

छठ पूजा का पावन महोत्सव आया,
ढेरों खुशियाँ जन मानस में ये लाया,
नहाय–धोय उपासक पूजे सूरज देवा,
छठ मैया करे आपकी चित मन सेवा ।

सजे भक्ति भाव की ज्योत से तट,
सुंदर सजीले सरोवर नदियाँ पनघट,
दूर होते छठ पूजा से असाध्य कष्ट,
संचित कर्म पाप हो जाते सारे नष्ट ।

प्रसन्न हो छठी मैया सूरज देव हमारे,
भक्ति श्रद्धा विश्वास से गूँजे जयकारे,
मनोरथियों के मनोभाव हो पूरे सारे,
₹आनंद₹ मंगल नाम संकीर्तन उच्चारे ।
कठिन संकल्प चार दिनों का लिया,
निराहार जप तप व्रत भक्तों ने किया,
यम नियम शुद्धता का पालन किया,
उगते डुबते सूर्य देव को अर्ध्य दिया ।

सुख समृद्धि व स्वास्थ्य का हमें वर दो,
वर्तमान व भविष्य को सुरक्षित कर दो,
परिवार में हमारे प्रेम रस भाव भर दो,
अंत :करण में प्रसन्नता उजागर कर दो ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमित शाह हैं संकटमोचन संगठनशिल्पी और लौहपुरुष



अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय को मात्र एक विभाग नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के पुनर्जागरण का आंदोलन बना दिया। उनकी दृष्टि में सहकारिता केवल आर्थिक संरचना नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का व्यवहारिक दर्शन है। भारत की राजनीति में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो केवल पदों से नहीं, अपने कर्म, दृष्टि, दृढ़ता, संकल्प और राष्ट्रभावना से पहचान पाते हैं। अमित अनिलचंद्र शाह ऐसा ही एक नाम है-संघर्षों में तपे, संगठन के शिल्पी और राष्ट्र की सुरक्षा एवं एकता के प्रहरी। एक प्रभावशाली और कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में, अमित शाह का भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान है। गृह एवं सहकारिता मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक एकता और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में जो क्रांतिकारी एवं युगांतकारी कार्य किए हैं, वे उन्हें हमारे समय का लौहपुरुष सिद्ध करते हैं-सरदार वल्लभभाई पटेल की परंपरा के सच्चे उत्तराधिकारी। निश्चित ही शाह एक युगांतरकारी एवं युग-निमार्ता लोकनायक हैं। उन्हें अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी सहयोगी, कुशल शासक और पार्टी के लिए एक प्रमुख चुनावी रणनीतिकार माना जाता है। एक किशोर के रूप में, वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए। यहीं से उनके राजनीतिक सफर की शुरूआत हुई। 1987 में वह भाजपा के युवा मोर्चा के सदस्य बने। गुजरात में नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान, अमित शाह एक शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाले, जिनमें गृह, कानून और न्याय और परिवहन शामिल थे। अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय को मात्र एक विभाग नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के पुनर्जागरण का आंदोलन बना दिया। उनकी दृष्टि में सहकारिता केवल आर्थिक संरचना नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का व्यवहारिक दर्शन है। उन्होंने शक्कर कारखानों से लेकर डेयरी, कृषि-उद्योग, बीज उत्पादन और विपणन तक सहकारिता को एक नई गति दी। देश के पहले राष्ट्रीय सहकारिता नीति मसौदे की तैयारी, पीएसी के डिजिटलीकरण और 200,000 प्राथमिक कृषि साख समितियों को मल्टी-डायमेंशनल मॉडल में बदलने की दिशा में उनका काम ऐतिहासिक है। उनके नेतृत्व में सहकारिता अब आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन चुकी है, जहाँ किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि साझेदार हैं। अमित शाह ने सहकारिता को नई भाषा दी-सहकार से समृद्धि। भारत के भीतरी हिस्सों में दशकों से नक्सलवाद ने भय, असुरक्षा और विकासहीनता का माहौल बनाया था। अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समग्र रणनीति के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निर्णायक कार्रवाई की। कानून-व्यवस्था, खुफिया सूचना और स्थानीय विकास के त्रिस्तरीय ढांचे पर आधारित इस नीति ने नक्सलवाद को जड़ों से हिला दिया। आज भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नक्सल क्षेत्र शांति के मार्ग पर लौट रहे हैं, निकट भविष्य में भारत नक्सल मुक्त राष्ट्र बन जायेगा, यह अमित शाह की सूझबूझ, संकल्प और दृढ़ता का परिणाम है। उनका विश्वास रहा-गोलियों से नहीं, विकास और संवाद से आतंक मिटाया जा सकता है। उनकी अलग कार्यशैली की झलक अध्यक्ष बनने के बाद से ही पार्टी को दिखने लगी थी। अमित शाह का नाम जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनकी रणनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का हटाया जाना केवल एक संवैधानिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता का संकल्प था। यह उस विभाजनकारी मानसिकता पर अंतिम प्रहार था जिसने वर्षों तक कश्मीर को अलगाव की आग में झोंक रखा था। आज घाटी में तिरंगा गर्व से लहराता है, पर्यटन और निवेश के नए द्वार खुल रहे हैं, और युवाओं में आत्मविश्वास लौट रहा है-यह अमित शाह की निर्भीक राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने संसद में कहा था-कश्मीर भारत का मुकुट है, और जब तक इसकी हर घाटी में शांति और विकास नहीं आता, तब तक हमारा प्रयास अधूरा रहेगा। शाह की कार्यशैली में सबसे अहम है कि किसी चीज को पहले से भांपने की। कश्मीर से 370 हटाने का मामला हो या फिर किसी चुनावी रणनीति की तैयारी, उन्हें अंदाजा हो जाता है कि किस मोहरे को कहां बिठाना है। इसी का असर है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अब तक कश्मीर में शांति एवं वहां शांतिपूर्ण चुनाव का होना है तो अयोध्या जैसे सदियों के विवाद का अंत शांतिपूर्ण तरीके से हो जाना है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने देश की सुरक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाई दी। आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध कड़े कानून, एनआईए की शक्ति में वृद्धि, सीमा सुरक्षा में तकनीकी नवाचार और पुलिस सुधारों की नई पहल-इन सबने भारत की आंतरिक मजबूती को सुदृढ़ किया है। उन्होंने शून्य सहनशीलता नीति को व्यवहार में उतारा। चाहे दिल्ली दंगे हों या सीमा पार आतंकवाद की चुनौती-हर परिस्थिति में उनका निर्णय तेज, संतुलित और राष्ट्रहित में रहा। उनके कार्यकाल में भारत में आंतरिक सुरक्षा का सबसे स्थिर दौर देखा जा रहा है, जहाँ आतंक, नक्सलवाद और अलगाववाद तीनों पर नियंत्रण स्थापित हुआ है।

राजनीतिक दृष्टि से अमित शाह को मोदी के हनुमान कहा जाता है, क्योंकि वे न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे विश्वसनीय सहयोगी हैं, बल्कि उनकी दृष्टि को व्यवहार में उतारने वाले कर्मयोद्धा भी हैं। 2014 से 2020 तक, उन्होंने भाजपा के 10वें अध्यक्ष के रूप पार्टी को 70 से अधिक देशों के बराबर सदस्य संख्या वाला विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाया। 2014 और 2019 के चुनावों में उनकी रणनीति, संगठन और जनसंपर्क ने भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई। उनके रणनीतिक कौशल ने पार्टी को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। लेकिन उनकी पहचान राजनीति से परे है-वे राष्ट्रीय एकता के संरक्षक, सुरक्षा के प्रहरी और सहकारिता के संचारक हैं। अमित शाह ने संगठन के बाद सरकार में भी अपनी कौशल क्षमता का लोहा मनवाया तो जब भी संसदीय इतिहास में भारत के मोदीमय होने की गाथा का वर्णन होगा, उसमें चाणक्य नीति की तरह शाह नीति का जिक्र स्वाभाविक होगा। अमित शाह की यह रणनीति पार्टी नेताओं को भी तब समझ आई जब चुनावों के आधिकारिक पोस्टरों-बैनरों पर भी शाह की तस्वीर नजर नहीं आई, दरअसल वे पूरे चुनाव को मोदीमय करने की शाह नीति थी। इसलिए शाह ने एक स्पष्ट निर्णय लिया कि प्रचार सामग्रियों पर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। आधुनिक राजनीति का चाणक्य कहें या फिर मोदी के भरोसेमंद सारथी, इसी खास सोच की वजह से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की यह अमिट पहचान बन चुकी है। अमित शाह को एक उत्कृष्ट संगठक और अभियान रणनीतिकार माना जाता है। उनके समर्थक उन्हें हिंदू धर्म का महान रक्षक मानते हैं, जबकि उनके आलोचक उन्हें एक ध्रुवीकरण करने वाली शख्सियत के रूप में देखते हैं। वह अपनी राजनीतिक कुशलता और जमीन से जुड़कर काम करने के लिए जाने जाते हैं। अमित शाह का राजनीतिक करियर उनके रणनीतिक कौशल, संगठन क्षमता और कठोर निर्णय लेने की प्रवृत्ति को दशार्ता है। एक छोटे कार्यकर्ता से लेकर देश के गृह मंत्री तक का उनका सफर भारतीय राजनीति में उनके मजबूत प्रभाव का प्रमाण है। वह भविष्य में भी भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बने रहने की संभावना है। अमित शाह का व्यक्तित्व सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति को सजीव करता है। जहाँ पटेल ने रियासतों का विलय किया, वहाँ शाह ने विचारों का एकीकरण किया। जहाँ पटेल ने लौह इच्छाशक्ति से भारत का नक्शा जोड़ा, वहाँ शाह ने अखंड भारत की भावना को राजनीतिक और सामाजिक धरातल पर साकार किया। उनके जीवन का सूत्रवाक्य रहा है-व्यक्ति नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि। शाह ने राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखा तो काम रुके ना, देश झुके ना के नारे के साथ विकास को भी उसमें जोड़ा। चुनौतियों से जूझने की उनकी छवि ही उन्हें जुझारू और लक्ष्य के प्रति जुनूनी बनाती रही है। अमित शाह की कार्यशैली अनूठी एवं विलक्षण है, वे जब कोई काम हाथ में लेते हैं तो स्पष्ट लक्ष्य सामने होता है और उसके हिसाब से रणनीति पर काम करते हैं। भले नतीजे पक्ष में आए या खिलाफ, इसकी परवाह नहीं करते। उनका विजन स्पष्ट रहता है और नतीजों के बजाए काम करने पर फोकस रहता है। इसलिए मोदी-शाह की जोड़ी हर चुनाव को युद्ध के रुप में लड़ने के लिए जानी जाती है। शाह का मानना है कि संगठन को हमेशा 24 घंटे 365 दिन गतिशील रखना चाहिए। यह काम वे अपने पांच दशक के राजनीतिक सफर में, वार्ड के बूथ प्रभारी के तौर से करते रहे हैं। गीत-संगीत के शौकीन शाह निदा फाजली के प्रशंसकों में से हैं। खाने-पीने के शौकीन जरुर हैं, लेकिन संयमित और अनुशासित भोजन ही लेते हैं। अमित शाह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युग का नेतृत्व करने वाले कर्मयोगी हैं। उनकी राजनीति में चातुर्य नहीं, दृष्टि है; उनके निर्णयों में कठोरता नहीं, राष्ट्रभक्ति की गहराई है। चाहे सहकारिता का नवजागरण हो, सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण या कश्मीर का एकीकरण-हर क्षेत्र में उन्होंने यह सिद्ध किया है कि यदि नीयत सच्ची हो और दृष्टि व्यापक तो कोई भी परिवर्तन असंभव नहीं। भारत के इतिहास में अमित शाह उस विरल श्रेणी के नेता हैं जिनके कार्यों ने राष्ट्र की दिशा बदली है-वास्तव में वे आज के संकटमोचन, संगठनशिल्पी और लौहपुरुष हैं।

## मेहमानों को करें इम्प्रेस !

# घर पर बनाएं 5 लाजवाब फ्लेवर्स के पोटली समोसा, हर कोई पूछेगा रेसिपी



मेहमानों को प्रभावित करने के लिए अब बनाएं 5 अनोखे फ्लेवर्स के पोटली समोसा, जो पारंपरिक आलू समोसों से हटकर एक नया और दिलचस्प विकल्प प्रदान करते हैं। आलू मसाला, पनीर, ड्राई फ्रूट्स, वेज मिक्स और चीज-गार्लिक जैसे ये स्वादिष्ट व्यंजन आपकी पार्टी की शान बढ़ाएंगे और हर कोई रेसिपी पूछेगा। अगर आप समोसा लवर है और आपके घर में गेस्ट आने वाले हैं, तो आप झटपट तरीके के पोटली समोसा बना सकते हैं। इन्हें बनाना काफी आसान होता है। आलू वाले समोसा खाकर आप बोर हो गए हैं, तो यह पोटली समोसा जरुर ट्राई करें। इसे खाकर आपको भी मजा आ जाएगा। बिना देर किए आपको बताते हैं 5 तरह के पोटली समोसा।

**आलू मसाला पोटली समोसाः** इसको बनाने के लिए आप उबले आलू, मटर, हरी मिर्च, अदरक और थोड़ा-सा गरम मसाला डालकर फिलिंग तैयार कर लीजिए। इसके बाद पतली मैदा की पोटली बनाकर बीच में ये फिलिंग रखें और किनारे इकट्ठे कर के पोटली का शेप देने के बाद, आप इसे गर्म तेल में हल्का सुनहरा होने तक तलना है। स्वाद में काफी मजेदार लगेगा है कि हर कोई बार-बार मांगेगा।

**पनीर पोटली समोसाः** पनीर पोटली समोसा बनाने के लिए आप पनीर को मैश या ग्रेट करके उसमें प्याज, हरी मिर्च, धनिया और नमक डालकर अच्छे से मिला लें। इसमें आप चाहे तो चीज भी डाल सकते हैं। पोटली का रुप देकर इसे बंद कर लें और फिर गर्म तेल में तल लीजिए।


**ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसाः** इस मौसम में ड्राई फ्रूट्स के पोटली समोसा बहुत ही स्वादिष्ट लगेंगे। इसे बनाने के लिए काजू, किशमिश, बादाम, खोया (या मावा) और थोड़ा इलायची पाउडर मिलाकर स्टफिंग तैयार कर लें। अब पोटली को बांधकर घी या तेल में रिफाइड ऑयल में फ्राई कर लें। इन समोसा के ऊपर आप शहद या चीनी का हल्की चाशनी डाल सकते हैं।

**वेज मिक्स पोटली समोसाः** वेज मक्सि पोटली समोसा बनाने के लिए गाजर, बीन्स, मटर, पत्तागोभी और कॉर्न जैसी सब्जियां बारीक काटकर हल्का भून लें। अब इसमें नमक, काली मिर्च और थोड़ा-सा सोया सॉस डाल लाजिए। यह फ्लेवर आपको इंडो-चाइनीज जैसा लगेगा।

**चीज-गार्लिक पोटली समोसाः** चीज लवर तो हम सभी है, चीज को ठूस-ठूस के खाते हैं। चीज-गार्लिक पोटली समोसा बनाने के लिए सबसे पहले आप बटर में थोड़ा लहसुन भून लें। अब लहसुन को मैश कर उसमें चीज, ओरेगानो और थोड़ा सा नमक मिलाएं। यह जायकेदार स्टफिंग आपके पोटली समोसे को गजब का टेस्ट देगी। अब आप इसे डीप फ्राई करें और हरी चटनी के साथ सर्व करें। यह पोटली समोसा खाकर मजा आ जाएगा।

# हील्स पहनकर पैरों में होता है भयंकर दर्द इन स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज से पाएं तुरंत आराम !

लंबे समय तक हील्स पहनने से पैरों और टखनों में होने वाले दर्द तथा जकड़न से राहत पाने के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज एक प्रभावी उपाय है। ये आसान कसरत पिंडलियों की टाइटनेस कम कर और रक्त संचार बढ़ाकर पैरों को आराम पहुंचाती हैं, जिससे आप स्टाइलिश रहते हुए भी दर्द से मुक्त रह सकें। लड़कियां स्टाइलिंग और फैशन के मामले में किसी भी तरह का समझौता नहीं करती। स्टाइलिश बनाने के लिए कभी-कभी लड़किया दर्द सहने को भी तैयार रहती हैं। ऑफिस, पार्टी और शादी में आउटफिट लुक को परफेक्ट बनाने के लिए महिलाएं हील्स जरुर पहनती है। हील्स पहनना सभी को पसंद है और यह लुक भी गजब का देता है। लंबे समय तक हील्स पहनने से पैरों में दर्द या फिर टखनों में जकड़न की शिकायत होने लगती है। कई बार तो दर्द इतना भंयकर होता है कि चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। आइए आपको बताते हैं कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बारे में, जो हील्स पहनने में काफी फायदेमंद रहेगी।



**कफ स्ट्रेचः** आमतौर पर हील्स पहनने पर पिंडलियों में टाइटनेस आ जाती है। कफ स्ट्रेच करने से उस मसल्स की टाइटनेस को कम करने में मदद करता है। यह ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाता है। आप चाहे तो वॉल के पास खड़े होकर काफ स्ट्रेच कर सकते हैं। इसे करने के लिए दीवार के सामने सीधे खड़े हो जाएं। अब एक पैर आगे और दूसरा पीछे रखें। पीछे वाला पैर एड़ी के साथ जमीन पर टिका रहे। दोनों हाथ दीवार पर रखकर थोड़ा आगे झुके, जब तक पीछे वाले पैर की पिंडली में खिंचाव न महसूस हो। इसे करीब 20-30 सेकंड ऐसे ही रुको। अब दूसरे पैर से भी इसी तरह स्ट्रेच करें।

**फुट आर्च स्ट्रेचः** इसे करते समय टॉवल या रेसिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल किया जाता है। हील्स पहनने से जो मसल्स टाइट हो जाती है, उन्हें ये स्ट्रेच खोलता है। इसे करने के लिए एक टॉवल या रेसिस्टेंस बैंड लो। इसे अपने पैरों के पंजे में फंसाएं और धीरे-धीरे अपनी तरफ खींचो। ऐसा करने से पैरों के आर्च और एड़ी खिंचाव फील होगा। अपने क्षमतानुसार इसी पोजिशन में रुकें और सामान्य अवस्था में लौट आएं।

**एंकल रोल्सः** एंकल रोल्स स्ट्रेच को आप कुर्सी पर बैठकर कर सकते हैं। यह आपके एंकल ज्वॉइंट्स को फ्लेक्सिबल बना देता है और पैर की सूजन भी कम हो जाती है।

इसे करने के लिए सबसे पहले आप कुर्सी पर बैठ जाएं। अब एक पैर ऊपर उठाओ और एंकल को पहले घड़ी की दिशा में, फिर उल्टी दिशा में घुमाओ। ऐसे ही दूसरे पैर से भी करें। इस तरह आप दोनो डायरेक्शन में 10-10 बार रोल करें।

# बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों की कार्यवाही से संबंधित प्राप्त फार्म-19 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की कार्यवाही दिनांक 30 सितंबर 2025 से प्रारम्भ हो चुकी है व दिनांक 06 नवंबर, 2025 तक पात्र व्यक्तियों से फार्म-19 पर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। तत्पश्चात तैयार की गयी निर्वाचक नामावलियों का दिनांक 25 नवंबर 2025 को आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा तथा 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक पुनः फार्म 19 पर पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। 30 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी है। निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र होने के लिए 01 नवम्बर, 2025 से तत्काल पहले छह वर्षों के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष तक की अवधि के लिए राज्य के भीतर ऐसे विनिर्दिष्ट शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण कार्य में लगा हो। जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो एवं सभी को अवगत कराया कि सभी पात्र व्यक्तियों से प्राप्त फार्म 19 जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान का हो प्रत्येक फार्म जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के द्वारा सत्यापित किये जायेगे तत्पश्चात संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी कार्यालयों में जमा कराये जाये। उन्होंने उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/ प्रतिनिधियों एवं समस्त अधिकारीगणों को माननीय भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी किये गये निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करते हुए तदानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## 28 अक्टूबर को वृहद स्वास्थ्य शिविर मे थैलेसिमिया रोगियों को वितरित होंगी स्वास्थ्य वर्धक पोटलियां

**बिजनौर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा 28 अक्टूबर को एक वृहद शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर प्रांगण में लगाया जाएगा। शिविर में जनपद के थैलेसिमिया रोगियों को निःशुल्क स्वास्थ्य वर्धक पोटलियों का वितरण, चयनित दिव्यांगों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राइसाइकिल व स्वास्थ्य शिवरों में स्वयं सेवा देने वाले डाक्टर्स व सहयोगी स्टाफ को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए रेडक्रास सोसायटी के मिडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया कि कार्यक्रम में चंदन चौहान सांसद बिजनौर, चौधरी शाकेन्द्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी और अध्यक्षता जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा की जायेगी।

# रामपुर पार्क की अवैध रूप से काबिज शासकीय संपत्ति को कब्जा मुक्त कराए जाने की कार्यवाही का निरीक्षण

(वेलकम इंडिया) गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ तहसील सदर स्थित ग्राम शादीनगर, निकट अहमदनगर स्थित गाटा संख्या 82/1, रकबा 0.0450 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान भूमि पूर्व में राजस्व अभिलेखों में नॉन जेड ए रामपुर पार्क के नाम से दर्ज रही है, जो कि नगरपालिका परिषद रामपुर की स्वामित्वाधीन संपत्ति है। बाद में कुछ व्यक्तियों, जिनमें रामफूल सिंह पुत्र बालकिशन निवासी रामपुर प्रमुख हैं, द्वारा फर्जी प्रविष्टि करा कर भूमि पर अवैध कब्जा स्थापित कर लिया गया था। प्रकरण की विधिक जांच उपरांत न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक), सदर द्वारा 16 सितम्बर 2025 को प्रविष्टि को अवैध एवं फर्जी घोषित करते हुए भूमि को पुनः रामपुर पार्क के नाम दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नगरपालिका परिषद, रामपुर द्वारा भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाकर पुनः अपना वास्तविक एवं भौतिक कब्जा प्राप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान तहसील सदर की राजस्व टीम, नगरपालिका अधिकारीगण एवं पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे।

## कैप्टन अभिषेक चौधरी ने जोधपुर-कोटा राजमार्ग पर पलटी हुई कार से परिवार को बचाया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** असाधारण साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और निस्वार्थ सेवा का प्रदर्शन करते हुए, दक्षिणी कमान के तहत झांसी में तैनात कैप्टन अभिषेक चौधरी ने जोधपुर-कोटा राजमार्ग पर एक कार दुर्घटना से एक जोड़े और उनके छोटे बच्चे को बचाया। लगभग 8 बजे, एक हुंडई ऑरा (पंजीकरण संख्या फख 19 उफ 3886) टायर फटने के कारण नियंत्रण खो बैठी और सड़क के किनारे एक खाई में पलट गई।

कैप्टन अभिषेक चौधरी पुत्र वेटरन यशपाल सिंह ग्राम खासपुरा (बिजनौर) जो उसी मार्ग पर यात्रा कर रहे थे, ने तुरंत अपना वाहन रोक दिया और पीड़ितों की सहायता के लिए दौड़े। घटना स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि कार अपने एक तरफ पलटी हुई थी और दरवाजे जाम होने के कारण यात्री अंदर फंसे हुए थे। कैप्टन अभिषेक ने अपनी उपस्थिति और निर्णायक कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए, साइड की खिड़की तोड़ दी, वाहन में प्रवेश किया और अपने साथी नायक श्रीराम के साथ पहले बच्चे को फिर माता और पिता को बचाने के लिए दरवाजा खोल दिया। अधिकारी ने तुरंत स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं (112 और 1033—एनएचएआई हेल्पलाइन) को घायल यात्रियों के लिए चिकित्सा देखभाल में तेजी लाने के लिए सूचित किया। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया ने सुनिश्चित किया कि एम्बुलेंस के आने से पहले सभी तीन व्यक्तियों को सुरक्षित रूप से निकाला गया। सहायता की पुष्टि करने के बाद, अधिकारी अपने काफिले में फिर से शामिल हो गए। भारतीय सेना कैप्टन अभिषेक चौधरी की साहसी और मानवीय कार्य के लिए प्रशंसा करती है। जो सेना के मूल सिद्धांतों - साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा का एक सच्चा प्रमाण है, चाहे वह युद्ध के मैदान में हो या बाहर। दक्षिणी कमान के पीआरओ द्वारा जारी

# लाइब्रेरी सपनों का खजाना का विधिवत उद्घाटन

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विकास खण्ड स्वार स्थित ग्राम पंचायत रामनगर लतीफपुर में स्थापित पुस्तकालय लाइब्रेरी सपनों का खजाना का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह पुस्तकालय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, प्रेरणा और नई संभावनाओं का केंद्र बनेगा। यह पहल विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होगी जो संसाधनों के अभाव में अब तक अपनी प्रतिभा को पूर्ण रूप से विकसित नहीं कर पा रहे थे। पुस्तकालय में विविध विषयों की शैक्षिक, प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित एवं प्रेरणादायक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपने अध्ययन को सशक्त बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा सामुदायिक विकास की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायक कदम है, जो मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों को साकार रूप प्रदान करती है। जहाँ किताबें होती हैं, वहीं से सपनों की उड़ान शुरू होती है। इसी भावना के साथ लाइब्रेरी सपनों का खजाना ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और सशक्तिकरण की नई किरण लेकर आई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत सदस्य, शिक्षकगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम गजरौला में लगभग 05 एकड़ शासकीय भूमि अवैध कब्जे से मुक्त

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा तहसील टाण्डा स्थित ग्राम गजरौला में लगभग 05 एकड़ क्षेत्रफल की शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराए जाने की कार्यवाही का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व टीम एवं पुलिस बल की उपस्थिति में भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया गया तथा भूमि को राजस्व अभिलेखों के अनुरूप शासन के वास्तविक एवं भौतिक कब्जे में लिया गया। कब्जा-मुक्त कराई गई भूमि पर वृक्षारोपण कार्य संपन्न कराया गया, जिससे भूमि को पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी बनाते हुए हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस पहल से न केवल शासकीय संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसी सभी भूमि को चिन्हित कर अभियान चलाकर कब्जामुक्त कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर स्थायी वृक्षारोपण एवं संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# वाणी पर संयम

वेलकम इंडिया



पीयूष अरोड़ा चांदपुर

वाणी पर संयम रखना एक बहुत बड़ी साधना है वाणी पर संयम रखने की साधना हर किसी के बस की बात नहीं वाणी पर संयम वही व्यक्ति रख सकता है जो मौन साधना करता है या वाणी पर नियंत्रण रखता हो

सही बोलना सार्थक बोलना कल्याण के लिए बोलना सीमित बोलना यह व्यक्ति तभी बोल सकता है जो मौन को साथ लेता है कोई भी व्यक्ति मौन को बिना साधे यह नहीं कर सकता

तभी कहा जाता है सत्यम ब्रूयात प्रियम ब्रूयात सत्य बोलो प्रिय बोलो

जब व्यक्ति ज्यादा बोलता है तो वह कटु बोलने लगता है और असत्य भी बोलने लगता है। इस वाणी से ही महाभारत हो गया एक पंक्ति कहने मात्र से अंधे के पुत्र अंधे

अगर वाणी पर संयम होता और यह पंक्ति नहीं कही गई होती तो शायद महाभारत भी नहीं होता

हमारे राष्ट्र का नाम आर्यावर्त रहा है आर्य का अर्थ है श्रेष्ठ

जहां श्रेष्ठ विचारक रहते हो वह देश रहा है हमारा राष्ट्र आर्यावर्त

हमने रामायण सीरियल और महाभारत सीरियल में आर्य पुत्र शब्दों को बहुत- सुना होगा

पराई स्त्री को माता के समान एवं पराए धन को मिट्टी के समान समझने वाले थे होते थे आर्य वाणी में मधुरता वाणी में संयम वाणी में मयार्दा यह पहचान थी आर्यों की

इसलिए व्यक्ति के जीवन में वाणी की बहुत बड़ी भूमिका है इसी वाणी से आप अपनों को पराया पराए को अपना बना सकते हैं

कई बार वाणी के शब्द इतने ज्यादा चुभते हैं कि एक तीर से भी ज्यादा वह चोट पहुंचाते हैं और यह चुभन जीवन के अंत तक रहती है व्यक्ति सब कुछ भूल जाता है परंतु किसी व्यक्ति के द्वारा उसके प्रति कहे गये शब्दों को जीवन के अंत तक याद रखता है

इसलिए वाणी पर संयम रखना आना जरूरी है बोलने से पहले विचार करना चाहिए कि जो सब हम प्रयोग कर रहे हैं क्या वह सही है या गलत

हम लोग अक्सर देखते हैं राजनेता उत्तेजना में आकर कुछ गलत शब्दों का प्रयोग कर देते हैं फिर वह बाद में माफी मांगते हैं। यह दशार्ता है कि वाणी पर संयम नहीं है।

# भव्य रूप से मनाया जाएगा राज्य स्थापना दिवस

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा है कि राज्य स्थापना दिवस की 25वीं जयंती को रजत जयंती के रूप में सरकार के दिशा निदेर्शानुसार धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विकास खंड में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसका लाभ जनता को सीधे तौर पर प्रदान किया जाएगा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु व्यापक रूप से रजत जयंती से एक सप्ताह पूर्व से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तकहा कि 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भी पद यात्रा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में तीन नवंबर को कृषि विकास केंद्र काफलीगैर में कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता व दुग्ध विकास विभाग द्वारा वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चार नवंबर को हिमालयन टूरिज्म फैस्ट कार्यक्रम कौसानी में मनाया जाएगा। जिसमें पर्यटन व युवा कल्याण विभाग द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य पर्यटक को बढ़ावा देना है। पांच नवंबर को ट्राउट महोत्सव आकांक्षी विकास खंड कपकोट के केदारेश्वर मैदान में किया जाएगा। जिसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। छह नवंबर को गरूड़ विकास खंड कार्यालय में वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।सात नवंबर को स्किल डेवलपमेंट एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रमों का आयोजन कांडा पालिटेक्निक में किया जाएगा। आठ नवंबर को राजकीय महाविद्यालय परिसर बागेश्वर में यूथ एवं स्पोटर्स फैस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें खेल, एनसीसी आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा इस दौरान विभिन्न स्थानों में सरदार बल्लभ पटेल की 150वीं जयंती कार्यक्रम पर पद एवं जागरूक यात्राएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने आमजनमानस से कार्यक्रमों का लाभ उठाने की अपील करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है। जिलाधिकारी आकांक्षा घोड़के ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर जिले में राज्य आंदोलकारियों को सम्मानित कर उनकी मूलभूत समस्याओं हेतु बेहतर संवाद करते हुए जनहित में राज्य की मूल संरचना, और विकास हेतु उनके सुझाव लिए जाएंगे। राज्य में बागेश्वर जिला बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के आधार पर राज्य में अग्रणी जिला बने इसके लिए जनमानस के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया जाएगा।

## आगरा वार्ड 86 के पार्षद सज्जन अली द्वारा क्षेत्रीय जनता को मिली पानी की सुविधा





वेलकम इंडिया

आगरा टेड़ी बगिया इस्लाम वार्ड नंबर 86 के पार्षद सज्जन अली द्वारा क्षेत्रीय जनता को मिली खुशी की लहर क्षेत्र में हर गली मोहल्ले में खरंज्जे व सड़क के निर्माण को करते हुए क्षेत्र में जिन जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा था और क्षेत्रीय जनता पानी को लेकर बहुत परेशान थी कई बार पानी की वजह से टेड़ी बगिया इस्लाम की जनता ने रोड़ को भी जाम किया था इस समस्या को ध्यान में रखते हुए आगरा वार्ड नंबर 86 के पार्षद सज्जन अली साहब ने पानी की पाईप लाईन का कार्य करा कर क्षेत्रीय जनता को खुशी प्रदान की जिसमें सज्जन अली पार्षद के साथ क्षेत्रीय सामाजिक लोग भारतीय किसान यूनियन आगरा जिला उपाध्यक्ष जमील खान,गौरी साहब, पप्पू उस्मानी, इम्तियाज उस्मानी उर्फ भोला भईया, शाहिद अली शाह पत्रकार, मयूर खान पत्रकार आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# पंद्रह लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई हुई है। गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम बलियाखेड़ा में छापेमारी कर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 600 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत एक अभियोग पंजीकृत किया गया है। टीमः जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह और राहुल सिंह मय स्टाफ यह कार्रवाई अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान का हिस्सा है। आबकारी विभाग की टीमें लगातार ऐसे अभियानों को अंजाम दे रही हैं ताकि अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

# शाहजहांपुर जेल में गूँजी हँसी की गूंज: अभिनेता राजपाल यादव ने बंदियों के बीच बिखेरी मुस्कानें

सनी कुमार केसरवानी संवाददाता शाहजहांपुर



शाहजहांपुर जिला कारागार में कुछ खास रहा, जब प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता एवं कॉमेडी किंग राजपाल यादव जेल परिसर में पधारे। उनके आगमन से पूरा माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया।

राजपाल यादव को देखते ही बंदियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। किसी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया तो कोई उछल-उछल कर झूम उठा, वहीं कई बंदियों ने सीटी बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जेल का वातावरण कुछ पलों के लिए किसी मंच में बदल गया, जहाँ हर चेहरा मुस्कान से खिला दिखाई दिया। राजपाल यादव ने भी अपने चिर-परिचित अंदाज में सबका दिल जीत लिया। उन्होंने बंदियों को सकारात्मक सोच, मेहनत और जीवन में नए सिरे से शुरूआत करने का संदेश दिया। उनकी मौजूदगी ने जेल प्रशासन और बंदियों दोनों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया। जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने राजपाल यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से सभी के मन में नई प्रेरणा का संचार हुआ है।

# सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए विभाग : जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मुख्य जिला सड़कों एवं अन्य संपर्क मार्गों की गुणवत्ता और मजबूती पर निरंतर निगरानी रखी जाए।सड़क सुरक्षा हेतु विभिन्न मार्गों में सुरक्षा के प्रभावी उपाय किए जाए।खासकर दुर्घटना सम्भावित स्थलों पर क्रश बैरियर लगाकर प्रभावी उपाय किए जाने हेतु कार्यदायी विभाग तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करे।

बैठक में नेशनल हाइवे मोटर मार्ग के सहायक अभियंता पी.पी.गोस्वामी, लोनिवि अभियंता संजय कुमार पांडे, ने विभागीय प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने एनएच एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि अधिग्रहण के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 15 दिन के भीतर नियमानुसार कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद में किए जा रहे पैचवर्क की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं होने पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। एनएच अंतर्गत अल्मोड़ा बागेश्वर राजमार्ग के कार्य में तेजी लाए जाने के साथ साथ लोनिवि कपकोट के अंतर्गत पढ़ने वाले मोटर मार्गों के कार्यों की गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य नही कराने, एवं किसी भी प्रकार से कोई विभागीय लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित विभाग के अवर अभियंता के अलावा अधिशासी अभियंता के खिलाफ जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य सम्बन्धी प्रकरणों में शासन स्तर पर लंबित प्रकरणो के समाधान हेतु सचिव स्तर से वार्ता कर उन्हें निस्तारित किए जाने के प्रयास किए जायेंगे। बैठक में सीडीओ आर सी तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्माण कार्य हेतु अवमुक्त हुई धनराशि का समयबद्ध होकर सदुपयोग करने, तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ आर सी तिवारी, लोनिवि कपकोट के अधिशासी अभियंता अमित पटेल, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी दिनेश रावत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एण्टी रोमियो प्रभारी निलंबित, ड्यूटी में लापरवाही पर एसएसपी की सख्ती

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** पुलिस विभाग में शिथिलता और अनुशासनहीनता पर सख्त रुख अपनाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ ने आज एण्टी रोमियो प्रभारी थाना परतापुर उपनिरीक्षक सुरभि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक सुरभि पर अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने, स्वेच्छाचारिता अपनाने, लगातार कार्यों में रुचि न लेने, ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और थाना प्रभारी के फोन कॉल रिसीव न करने जैसी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे थे।इन सब मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी मेरठ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि विभागीय जांच भी कराई जाएगी।वहीं, एसएसपी का यह कदम अधीनस्थों को अनुशासन में रहने और अपनी ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी निभाने का सख्त संदेश माना जा रहा है।

# रूदौली पुलिस द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति अभियान




वेलकम इंडिया फतेह खान

**रुदौली अयोध्या।** कोतवाली रूदौली पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5 के तहत चल रहे अभियान के क्रम में भेलसर गांव में स्थित पंचायत भवन में महिलाओं बच्चियों एवं बेटियो को जागरूक किया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अंतर्गत भेलसर गांव में स्थित पंचायत भवन जाकर महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह, महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुवेर्दी के द्वारा क्षेत्र की बालिकाओं तथा महिलाओं और उनके परिजनों को मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई।तथा बच्चियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया गया, और महिला संबंधित सहायता हेतु वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, ऑपरेशन कवच महिला हेल्पलाइन नंबर 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में जागरूक किया गया महिला संबंधित अपराध और उनसे कैसे बचे इस विषय में जागरूक किया गया। बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया।

## सार संक्षेप

### उप जिलाधिकारी को हटाने को लेकर अधिवक्ता लामबंद

**मुसाफिरखाना अमेठी।** उप जिलाधिकारी ( न्यायिक )की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओ ने उन्हे हटाने तक कार्य का बहिष्कार व धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है। मुसाफिरखाना स्थित बार एसोसिएशन इकाई कार्यालय पर अधिवक्ताओ ने उप जिलाधिकारी न्यायिक की कार्यशैली से खफा होकर उनके स्थानांतरण की मांग किया है इस बाबत अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि न्यायलय की उनके द्वारा कार्यवाही न्यायिक प्रक्रिया का अनुपालन ना किए जाने, तानाशाही रवैया अपनाने आदि को लेकर अधिवक्ता संघ द्वारा उनके स्थानांतरण की मांग उच्च अधिकारियो से किया है और उनके स्थानांतरण तक कार्य का बहिष्कार व धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### विद्यालय में आग पर काबू कैसे पाया जाए के विषय में किया जागरूक



वेलकम इंडिया फतेह खान

**शुजागंज अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र रूदौली के अंतर्गत आदिल पुर शुजागंज में स्थित हाजी अब्दुल्लाह काजिम इंटर कॉलेज प्रांगण में फायर ब्रिगेड भेलसर में फायर कर्मचारी नोडल अधिकारी सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में घरों, दुकानों, विद्यालय, आदि स्थानों पर आग लग जाए तो उसको कैसे बुझाये के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक किया। श्री हुसैन ने बताया कि यदि किसी के घर में रसोई गैस सिलेंडर में आग लगती है तो उसको कैसे बुझाये के तरीके भी बतलाए उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि रसोई गैस में आग लगा जाने पर कभी भी गीले कपड़े का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, यदि गांव में किसी छप्पर में आग लग जाए तो दो बाल्टी बालू एवं दो बाल्टी पानी अवश्य रखें जिससे आग पर काबू पाया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मोहम्मद अली नोडल अधिकारी सद्दाम हुसैन, अध्यापक सर्वेश कुमार, हाफिज एखलाक मंतशा बानो, विद्यार्थियों में निखत, हसनैन जैद रेयान सना बानो उपस्थित रहे।

# महिलाओं को रोजगार स्वावलम्बन की दिशा दिया गया सिलाई मशीन

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के चलाये जा रहे नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत खुनुवां स्थित ग्राम पंचायत भवन में सीमाई क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार स्वावलम्बन की दिशा में तीन अक्टूबर से 21अक्टूबर तक कुल 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का समापन समारोह एसएसबी कैम्प खुनुवां के प्रांगण में शनिवार को मुख्य अतिथि कमाण्डेन्ट उज्जवल दत्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 46 महिलाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।

संचालन एएसआई शिब्बू स्वामी ने किया। मुख्य अतिथि ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल अपने सुरक्षा दायित्वों के निर्वहन के साथ साथ नागरिक कल्याण के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों की महिलाओं में सामाजिक बदलाव, रोजगार, स्वावलम्बन, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम करती आ रही है। समारोह में खुनुवां ग्राम पंचायत को दो, दुल्हा सुमाली, बर्डपुर नम्बर-07, नरखोरिया, धनौरा मुस्तहकम व लोहटी ग्राम पंचायतों को एक-एक सिलाई मशीन भी निःशुल्क वितरित किया गया। सहायक कमाण्डेन्ट अंकुश डांगे ने प्रशिक्षित महिलाओं से सीखी गई कला को रोजगार से जोड़ने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। समारोह में चौकी इंचार्ज वीरेन्द्र कुमार पासवान, सशस्त्र पुलिस बल नेपाल के एएसआई कमल वंशी मगर, कस्टम के इंस्पेक्टर आर गोकलानी व सचिन घोष, प्रशून शुक्ला जिला समन्वयक, प्रधान संघ जिला अध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा, प्रतिनिधि बजहा अजहर हुसैन, गंगाधर मिश्रा, महेन्द्र चौधरी, प्रधान नीतू पाण्डेय आदि मौजूद रहीं।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली खलीलाबाद में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत कबीरचौरा मगहर व मेंहदावल बाईपास पर साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जयप्रकाश चौबे द्वारा कबीर चौरा मगहर व मेंहदावल बाईपास पर मौजूद लोगों को बताया कि अज्ञात लिंक, कॉल, ईमेल, लॉटरी या क्यूआर कोड स्कैन करने जैसे धोखाधड़ी के प्रयासों से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें अथवा पोर्टल cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें, साथ ही लोगों से अपील की कि वे अपने बैंक विवरण, ओटीपी, पासवर्ड या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें और सोशल मीडिया पर संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है साथ ही महिला / बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनके समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया। मेहदावल वाइपास पर बैनर व स्टाल लगाकर लोगो को पैम्पलेट बांटकर तथा बसो मे यात्रियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रभारी चौकी मगहर मनीष जायसवाल, उ0नि0 रमेश यादव, का0 रामप्रवेश मद्धेशिया, का0 धीरेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बीएसए के आदेश से शिक्षकों में मची खलबली

**बरेली।** जिले के स्कूलों में शिक्षण कार्य में लापरवाही और समय से उपस्थिति न दर्ज कराने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह के कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक अनुपस्थित या देर से पहुंचने वाले 99 शिक्षकों, हेडमास्टरों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। बीएसए कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारियों के औचक निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित रहे या विद्यालय में देर से पहुंचे थे। कई स्कूल प्रार्थना सभा के समय बंद मिले, वहीं कई स्थानों पर बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम मिली थी। निरीक्षण रिपोर्ट में शिक्षण कार्य में ढिलाई और विद्यालय संचालन में अनियमितता की पुष्टि हुई। बीएसए ने बताया कि दोषी पाए गए कुल 99 कर्मियों में 5 हेडमास्टर, 51 शिक्षामित्र, 29 सहायक शिक्षक और 14 अनुदेशक शामिल हैं। सभी के विरुद्ध एक दिन के वेतन कटौती की कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसी के साथ खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि भविष्य में अनुपस्थिति या लापरवाही बरते जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। बीएसए संजय सिंह ने कहा कि शिक्षण कार्य में ढिलाई किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। विद्यालयों में समय से उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई शिक्षक या शिक्षामित्र फिर लापरवाही करता पाया गया, तो उसके खिलाफ निलंबन या सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जाएगी। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक सप्ताह विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें।निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की प्रगति का विस्तृत ब्योरा रिपोर्ट के रूप में बीएसए कार्यालय को भेजी जाए।

# सड़क निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष ने किया शिलान्यास



वेलकम इंडिया/राजेन्द्र सिंह

**हापुड़।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नम्बर 7 के मोहल्ला सोटावाली में शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी पहुंची और गढ़ रोड से मौहल्ला सोटावाली को जाने वाले जर्जर हो चुके रास्ते को बनाने हेतु 35 लाख 52 हजार रुपए की लागत से

बोर्ड बैठक में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड सभासद जोरावर सिंह की उपस्थिति में फीता काट व नारियल फोड़ते हुए शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान वार्ड के लोगों के चेहरे पर साफ मुस्कान दिखाई दे रही थी और मिठाई बाटकर खुशी जताई गईनगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने बताया कि मोहल्ला सोटावाली के लोगों को मुख्य मार्ग से आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था रहा था क्योंकि यहां की सड़क ज्यादा खराब हो चुकी थी।लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए वार्ड सभासद जोरावर सिंह की उपस्थिति में आज तारकोल और कंक्रीट से तैयार काली सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है और जल्द ही सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा और लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# पराली को नहीं जलाना वर्ना भारी पड़ेगा जुर्माना



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी


**मिजार्मुराद कछवारोड़।** फसलों की कटाई के उपरांत खेतों में फसल अवशेषों को जलाना घातक हो सकता है। खेतों को फसल अवशेषों को जलाने से उनके जड़, तना व पत्तियों में संचित लाभदायक पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं, इतना ही नहीं बल्कि मिट्टी में मौजूद लाभदायक व मित्र कीट भी जलकर नष्ट हो जाते हैं जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।उक्त जानकारी शनिवार को क्षेत्र के राजवारी गांव में पराली प्रबंधन पर कृषि विभाग द्वारा आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी में खण्ड तकनीकी प्रबंधक देवमणि त्रिपाठी ने किसानों को दी।उन्होंने किसानों को खेतों में फसल अवशेषों को। जलाने की सलाह देते हुए डी-कम्पोजर का प्रयोग करके फसल अवशेषों को सड़ाकर कंपोस्ट खाद बनाने की सलाह दी।

उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के निर्देशन में ₹प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन बार इन सीटू मैनेजमेंट आप क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत₹पराली प्रबंधन पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान साधो यादव ने किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाने की अपील की।

इस दौरान जयनाथ दुबे, अमरनाथ पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में मोलनापुर पंचायत भवन पर सहायक तकनीकी प्रबंधक पंकज भास्कर ने पराली प्रबंधन पर आधारित कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

# विवेक ही मनुष्य को धर्ममार्ग की ओर अग्रसर करता है : आचार्य सुशील चंद्र बलूनी

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** किनौनी गांव स्थित बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल परिसर में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में पांच दिवसीय सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ की शुरूआत वेद मंत्रोच्चारण और मंगलाचरण के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।प्रमुख वक्ता आचार्य सुशील चंद्र बलूनी ने अपने प्रवचन में कहा कि विवेक ही वह शक्ति है जो मनुष्य को धर्ममार्ग और सत्य की ओर अग्रसर करती है।

उन्होंने अपने चित्ताकर्षक भाषण में हिरण्यकश्यप और शूर्पणखा के चरित्रों के माध्यम से यह बताया कि युग बदलते हैं, पर मनुष्य का मूल स्वभाव और तात्त्विक स्वरूप सदैव समान रहता है।आचार्य बलूनी ने कहा कि समय, देश और परिस्थितियाँ बदल सकती हैं, लेकिन मानव की आंतरिक प्रवृत्तियाँ और संस्कार शाश्वत हैं। उन्होंने कहा कि जीवन मे आत्म-चिंतन आवश्यक है। जब तक मनुष्य स्वयं से यह प्रश्न नहीं करता कि ह्यमैं कौन हूँ, यहाँ क्यों आया हूँ और मेरा उद्देश्य क्या है,ह्व तब तक वह परम सत्य की ओर अग्रसर नहीं हो सकता।उन्होंने भगवद्गीता के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि हर युग में संवाद, वाणी और आचरण में समयानुसार परिवर्तन आवश्यक है। यही विवेक जीवन को संतुलन और अध्यात्म की दिशा में ले जाता है।आचार्य ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव शरीर का मूलाधार चक्र पृथ्वी की भांति स्थिर है, और यही साधना की प्रथम सीढ़ी है जो आत्मिक जागरण की ओर ले जाती है।इससे पूर्व सुबह यूनिट हेड के.पी. सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम में आसपास के गांवों से आए किसानों, श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। पांच दिवसीय यह ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन प्रातः से सायं तक चलेगा, जिसमें आचार्य बलूनी के साथ अन्य संत और विद्वान भी प्रवचन देंगे।

# अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक संग युवक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** थाना किठौर पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली। मिशन शक्ति अभियान के तहत की जा रही चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय कुमार, उपनिरीक्षक अजय सिंह, हेड कांस्टेबल पूरन सिंह, कांस्टेबल नौशाद पाशा और महिला हेड कांस्टेबल सरोज फव्वारा चौक क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में एक युवक को रोककर तलाशी ली।

तलाशी में आरोपी सलीम पुत्र जमील निवासी मोहल्ला कुरेशियान, कस्बा एवं थाना किठौर के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह मोटरसाइकिल 21 अक्टूबर को थाना बिसरख क्षेत्र, जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित गौर सिटी मॉल के बाहर से चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना किठौर पर बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहाँ से न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेजा गया।

# नाबालिग छात्रा सोसाइड मामले में आरोपी इंटर कॉलेज के हेडक्लर्क को किया संस्पेड

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में छात्रा से मौत के मामले में शहर के एक इंटर कॉलेज के आरोपी हेड क्लर्क इंद्रपाल को अब प्रबंध समिति ने सस्पेंड कर दिया है। प्रबंध समिति ने उक्त मामले का संज्ञान लेकर यह कार्रवाई की है। इस घटना में लापरवाही बरतने पर डीआईजी के आदेश पर थाना देहात प्रभारी एवं साइलो द्वितीय चौकी प्रभारी को निलंबित किया जा चुका है।

थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के एक गांव में बीती 3 अक्टूबर को एक छात्रा घर में अकेली थी। तभी मौका पाकर पड़ोसी व्यक्ति घर में जबरन घुस आया था और छात्रा से छेड़छाड़ एवं मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपी गलत नीयत के उद्देश्य से छात्रा को एक कमरे में लेकर जाने लगा।इसी बीच छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।

परिजनों का आरोप है कि छात्रा को आरोपी व्यक्ति ने ही लटकाया था। 18 दिन अस्पताल में रहने के बाद बीते मंगलवार को छात्रा ने दम तोड़ दिया था। इस मामले से जुड़ा आरोपी इंद्रपाल शहर के एक इंटर कॉलेज में हेड क्लर्क है। जिसे इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति ने मामले का संज्ञान लेकर सस्पेंड कर दिया है।

हेड क्लर्क को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। जिसके संबंध में उन्होंने प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को सूचित किया था। जिसके बाद प्रबंध समिति ने उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए हेड क्लर्क को सस्पेंड कर दिया गया है।

# नगर निगम सदन ने वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट 1631.52 करोड़ रुपए का प्रस्तुत

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में टाउनहाल के गॉधी भवन में नगर निगम एवं जलकल का कुल 1631.52 करोड़ रुपए का पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत किया गया बजट उपसभापति नरसिंह दास के द्वारा प्रस्तुत किया गयो नगर निगम का मूल बजट 1281.33 रुपए से बढ़ाकर 1380.43 करोड़ रुपए तथा जलकल का 248.05 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 250.75 करोड़ रुपए किया गया है नगर निगम के विभिन्न मदों में आंशिक वृद्धि की गयी है जिसमें सम्पत्तिकर के मद में 110 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 125 करोड़ रुपए किया गया है सिनेमा कर के मद में 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किया गया है स्टाम्प ड्यूटी में 15 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए किया गया है दुकान किराया में 7 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 8 करोड़ रुपए किया गया है दुकानदारों के नियमितिकरण में 1 लाख रुपए से वृद्धि कर 10 लाख रुपए किया गया है।

जुर्माना मद में पहली बार 10 लाख रुपए का प्राविधान किया गया है पार्किंग शुल्क में 1.50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए किया गया है रोड कटिंग के मद में 4 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 6 करोड़ रुपए किया गया है विविध आय के मद में 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 15 लाख रुपए किया गया है 14वां वित्त आयोग/ ब्याज के मद में 4 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए किया गया नये मद के रूप में मेट्रोपालिटनल पब्लिक हेल्थ सर्विलांस यूनिट के अन्तर्गत पहली बार 5 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है दुकान की जमानत धनराशि के मद में 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया गया है इसी प्रकार व्यय के मद में कार्यालय के विद्युत बिल में 90 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए का किया गयो सड़कों के रख-रखाव के लिये 7 करोड़ रुपए में वृद्धि कर 8 करोड़ रुपए का किया गया मार्ग प्रकाश स्टोर के मद में 40 लाख रुपए से वृद्धि कर 1.60 करोड़ रुपए, मार्ग प्रकाश अनुरक्षण में 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5.60 करोड़ रुपए, नाला नाली अनुरक्षण के मद में 7 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 8 करोड़ रुपए, सड़क मरम्मत के मद में 4 करोड़ रुपए से वृद्धि कर 6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव पेश किया गया इसी प्रकार फुटपाथ एवं गलियों के रख- रखाव में वृद्धि की गयी है सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव में 5 लाख से 7 लाख रुपए किया गया है गंगा घाटों की मरम्मत पर 80 लाख रुपए से वृद्धि कर 1 करोड़ रुपए किया गया है गंगा घाटों के सिल्अ सफाई पर 3 करोड़ रुपए से वृद्धि कर 5 करोड़ रुपए किया गया है।



# दो बेटियां लापता बदायूं का युवक नाबालिग को लेकर हुआ रफूचक्कर

## परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका, पुलिस ने दोनों मामलों में जांच की शुरू

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** शहर में दो अलग-अलग इलाकों से दो बेटियों के लापता होने से सनसनी फैल गई है। एक मामले में बदायूं के युवक पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है, जबकि दूसरे में घरेलू काम पर निकली युवती के गायब होने से परिजन परेशान हैं। दोनों परिवारों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कैंट निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को ग्राम मसीतपुरा, थाना उसैत, जिला बदायूं निवासी फजल पुत्र सोबिल पिछले कई महीनों से मोबाइल पर परेशान कर रहा था। शिकायत करने के बावजूद फजल के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। 23 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे फजल अपने माता-पिता के साथ मिलकर किशोरी को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। इस दौरान घर से 2.30 लाख नकद और दो तोला सोना भी गायब है। परिवार के मजदूरी से लौटने के बाद घटना का पता चला। अब फजल और उसके माता-पिता के मोबाइल फोन बंद हैं। परिजनों को आशंका है कि नाबालिग के साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

थाना इज्जतनगर में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री 21 अक्टूबर को झाड़ू-पोछा करने महानगर कहकर गई थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी।

महिला ने आरोप लगाया है कि अनुज कुमार मौर्य ने अपनी भाभी के मोबाइल की मदद से उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा लिया है। परिजनों का कहना है कि लड़की के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर अनुज की तलाश शुरू कर दी है।

### दोनों ही मामलों में पुलिस ने शुरू की जांच

थाना कैंट और थाना इज्जतनगर पुलिस ने दोनों ही तहरीरों को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीमों को मोबाइल लोकेशन और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों लड़कियों का पता लगाया जाएगा।

## सार संक्षेप

### खीरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई-23 अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकमइंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में थाना खीरी पुलिस की लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस टीम ने अभियान चलाकर 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी शांति व्यवस्था भंग करने के दौरान पकड़े गए, जिनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

### समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान में उमड़ा उत्साह, सैकड़ों लोगों ने थामा सपा का हाथ



**लखीमपुर खीरी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के उमरिया बाजार में समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान जोरदार तरीके से चलाया गया। युवा नेता धर्म दत्त तिवारी के नेतृत्व में हुए इस अभियान में पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर अभिषेक सिंह (पूर्व राष्ट्रीय सदस्य, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड), विपिन वर्मा, अंकित पांडेय, सुनील कुमार, कमलेश, इस्लामुद्दीन, रामू, रामचंद्र, किशोरी लाल, राजकुमार, नुसरत अली सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।धर्म दत्त तिवारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी आम जनता की आवाज है और जनता के हितों के लिए संघर्ष ही सपा का असली धर्म है। उन्होंने नए सदस्यों से पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुँचाने का आह्वान किया।

### सब्जियों की अगैती खेती कर किसान भाई प्राप्त कर सकते है अधिक लाभ



**मथुरा।** जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार ने अवगत कराया है कि उद्यान विभाग द्वारा मनरेगा कन्वेर्जेन्स से ग्राम पंचायत अगरयाला, विकास खण्ड चौमुहाँ में हाईटेक नर्सरी की स्थापना की गयी है। हाईटेक नर्सरी में उच्च गुणवत्तायुक्त, स्वस्थ एवं रोग रहित सब्जियो की पौध तैयार की जा रही है। हाईटेक नर्सरी में कोकोपिट, वमीर्कुलाईट तथा परलाईट के मिश्रण में पौध तैयार की जाती है। वर्तमान में हाईटेक पौधशाला में टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, शिमला मिर्च, पपीता एवं मिर्च जैसी सब्जियों के पौध तैयार हो रहे है। किसान भाई जो विपरीत मौसम के कारण खेत में पौध तैयार नही कर पा रहे है अथवा अगैती खेती की सब्जी करना चाहते है, वह हाईटेक पौधशाला से पौध क्रय कर सकते है। सब्जियों की पौध रुपए 2 प्रति पौध विक्रय की जायेगी। किसान भाई अपना बीज ले जाकर भी पौधशाला में अपनी पौध तैयार करा सकते है, जिस पर रुपए 1 प्रति पौध भुगतान करना होगा।

# आठ साल तक करता रहा शोषण, स्पोर्ट्स बाइक न मिलने पर शादी से किया इनकार

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र की एक युवती ने प्यार में धोखा खाने के बाद शनिवार को प्रेमी के घर के बाहर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ले के ही एक युवक से युवती के पिछले आठ साल से प्रेम संबंध थे। युवक ने शादी का झांसा देकर लगातार युवती का शारीरिक शोषण किया। इस बीच वह दुबई काम करने चला गया। कुछ दिन पहले ही वह वापस लौटा तो युवती ने शादी की बात कही। लेकिन युवक ने साफ कहा कि शादी तभी करेगा जब दहेज में 10 लाख रुपये और स्पोर्ट्स बाइक मिलेगी। परिजनों ने जब यह मांग पूरी करने से इनकार किया तो युवक ने शादी से हाथ पीछे खींच लिए। शनिवार को युवती शादी की बात करने प्रेमी के घर पहुंची तो प्रेमी की मां ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इससे आहत होकर युवती ने प्रेमी के दरवाजे के सामने ही जहर खा लिया। कुछ ही देर में वह सड़क पर तड़पने लगी। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिवार को दी। आनन-फानन में परिजन युवती को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत गंभीर है। पीड़िता के भाई ने बताया कि आरोपी युवक पिछले आठ साल से बहन को शादी का झांसा देकर शोषित करता रहा है। जल्द ही बारादरी थाने में आरोपी और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी जाएगी।

# रोटरी क्लब द्वारा टटीरी के इंटर व डिग्री कॉलेज में कराये गये कार्यो का हुआ शुभारम्भ





**वेलकम इंडिया**


**बागपत (विवेक जैन)।** जनपद बागपत के अग्रवाल मंडी टटीरी में स्थित वैदिक कन्या डिग्री व इंटर कॉलेज में रोटरी क्लब मेरठ डिस्ट्रिक्ट 3100 द्वारा रोटरी इंटरनेशनल के सहयोग से कराये गये लगभग 3200 डॉलर लागत के कार्यो का शुभारम्भ हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 3100 के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता द्वारा वैदिक कन्या डिग्री व इंटर कॉलेज प्रबन्ध समिति को 20 टॉयलेट ब्लॉक, 20 कंप्यूटर युक्त लैब, 60 बेंच एवं 10 किलोवाट का ऑनलाइन सोलर पैनल सिस्टम हस्तांतरित किया गया। इसके साथ-साथ रोटरी क्लब मेरठ डिस्ट्रिक्ट 3100 द्वारा गरीब छात्राओं के लिए 21 साईकिलों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब मेरठ डिस्ट्रिक्ट 3100 के पूर्व अध्यक्ष व प्रोजेक्ट प्राईमरी कान्टेक्ट आकाश जैन, प्रोजेक्ट सहयोगी- पूर्व सचिव सुनील त्यागी, डिस्ट्रिक्ट ग्रांट कमेटी चेयर मनोज वाजपेयी, एएम बेंद्रे, नीरज कुमार, सुनील अग्रवाल, रोटरी क्लब मेरठ के वर्तमान अध्यक्ष पंकज कंसल, कोषाध्यक्ष डाक्टर सतीश शर्मा, सचिव आलोक बंसल, पूर्व गर्वनर राजीव सिंघल, रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी डिस्ट्रिक्ट 3100 के अध्यक्ष राजीव गोयल, सचिव संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश मित्तल, रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी डिस्ट्रिक्ट 3100 के पूर्व अध्यक्ष अंकुर शर्मा उर्फ अंकुर पंड़ित, दीपक गोयल, विनित गुप्ता, प्रवीण गोयल, प्रवीण चौधरी, उमादत्त शर्मा, आशु गर्ग, राजीव गोयल, दीपक गर्ग, प्रमोद चेयरमैन, विनोद चेयरमैन, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डाक्टर कमला अग्रवाल सहित सैंकड़ो लोग व कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नगर निगम कर्मचारियों ने दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर एकता मंच ने नगर निगम प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को मांग पत्र सोपा।मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।मंच के जिला अध्यक्ष कामरेड उत्तमचंद सहजना ने कहा कि नगर निगम प्रशासन आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रहा है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, बोनस, स्वास्थ्य बीमा और जीवन सुरक्षा बीमा की सुविधा नहीं दी जा रही है।महानगर अध्यक्ष प्रीतम सिंह और ड्राइवर यूनियन महामंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी मांगें जायज हैं और हमें उम्मीद है कि नगर निगम प्रशासन हमारी मांगों पर विचार करेगा। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो हम आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

मंच की मांग है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल किया जाए और शासन की नीति अनुसार न्यूनतम वेतन दिया जाए। इसके अलावा, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को बोनस का भुगतान किया जाए और समस्त कर्मचारियों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा प्रमाण पत्र दिया जाए ,समस्त कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व और धार्मिक पर्व पर अवकाश दिया जाए ,दुर्घटना होने पर मृतक आश्रितों को 35 से 40 लाख तक का सरकारी अनुदान दिया जाए आदि है।

इस दौरान प्रीतम सिंह, अजय चौधरी, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, हरि गोपाल ठाकुर, दिलीप ठाकुर, छोटू चौहान, धर्मेश खरे, ज्वाला सिंह, संजू सैनी, विक्रांत चौहान, सनी प्रधान, बृजेश चौधरी, गौरव चौहान, संजय चौधरी, पंकज चौधरी, दलबीर सिंह, मुकेश राणा, समस्त पदाधिकारीगण आदि मौजूद थे।

# तालाब की जमीन पर कब्जा: 39 कब्जेदारों को निगम का अंतिम नोटिस

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** डेलापीर और महेशपुर ठाकुरान में तालाब की जमीन पर बने अवैध मकानों पर नगर निगम ने सख्त रुख अपना लिया है। नगर निगम ने इन कब्जेदारों को पहले 10 अक्तूबर को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर कब्जा खाली करने के आदेश दिए थे, लेकिन तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी किसी ने मकान खाली नहीं किया। केवल सुनील नाम के एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अपना मकान स्वयं तोड़कर कब्जा छोड़ा है, जबकि बाकी 39 लोगों ने अब तक कब्जा नहीं हटाया है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सभी अवैध कब्जेदारों को अब सात दिन का अंतिम अवसर दिया गया है। यदि इस अवधि में भी कब्जा नहीं छोड़ा गया तो जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट नामित कराकर पुलिस बल की मौजूदगी में सभी को बेदखल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पहले सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन किया जाएगा।

आयुक्त ने बताया कि नोटिस में दी गई 15 दिन की अवधि पूरी हो चुकी है, न ही किसी ने अपना जवाब दाखिल किया और न ही कोई प्रतिवेदन दिया है। अब नगर निगम अगली कार्यवाही की तैयारी में जुट गया है। उधर, कार्रवाई से बचने के लिए कुछ अवैध कब्जेदार लखनऊ तक दौड़ लगा चुके हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बात रखना चाहते थे। कब्जेदारों का कहना है कि वे बरसों से इस जमीन पर रह रहे हैं और बेहद गरीब हैं, इसलिए उन्हें बेदखल ना किया जाए। हालांकि, इनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पाई, लेकिन उन्होंने शासन को प्रार्थना पत्र सौंपा है और उम्मीद जताई है कि सरकार से कुछ राहत मिल सकती है।

# ब्रज रज उत्सव के लिए तैयार हुआ रेलवे ग्राउंड, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण, सांसद हेमा मालिनी करेंगी उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** रविवार से प्रारंभ होने ब्रज रज उत्सव के लिए धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पूरी तरह सजझधज कर तैयार हो गया है। रविवार से यहाँ 11 दिवसीय उत्सव का शुभारंभ होगा, जिसमें ब्रज की भक्ति, संस्कृति और गीतझसंगीत का संगम देखने को मिलेगा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और सांसद हेमा मालिनी द्वारा संयुक्त रूप से उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह उत्सव 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनोरंजन, खानपान और हस्तशिल्प की झलक भी देखने को मिलेगी। उत्सव की तैयारियों को शनिवार को अंतिम रूप दिया गया। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि विशाल पंडाल और मंच तैयार हो चुका है। मेला क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं और कुल 100 स्टॉल लगाई गई हैं, जिनमें 30 फूड कोर्ट, 15 हैंडीक्राफ्ट, 20 ह्यवन डिस्टिक वन प्रोडक्टह्न, 10 खादी, 10 स्वदेशी, 10 सरकारी विभागों के लिए तथा अन्य विविध स्टॉल शामिल हैं।

# इज्जतनगर में बिना नक्शा पास कराए बन रहे मकान पर बीडीए ने लगाई सील

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** शहर में बिना अनुमति हो रहे निर्माण पर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सख्ती दिखाते हुए शनिवार को इज्जतनगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 150 वर्गगज में बन रहे मकान को सील कर दिया।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मणिकंदन ने बताया है कि लक्ष्मीपुर गौटिया, मजरा सैदपुर हाकिन्स निवासी कृष्णावती पत्नी बाबूराम अपने प्लॉट पर आवासीय भवन का निर्माण करा रही थीं। निर्माण कार्य की बीडीए से स्वीकृति नहीं ली गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी और प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और भवन को सील कर दिया। बीडीए अधिकारियों का कहना है कि शहर में बिना नक्शा पास कराए जा रहे निमार्णों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी को भी नियमों से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जाएगी। वहीं, बीडीए ने लोगों को चेताया है कि किसी भी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से पहले उसका नक्शा प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं, यह जरूर जांच लें, ताकि बाद में किसी कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

## बीमार गौमाता की उपचार न मिलने से मौत, गौसेवकों ने कराया अंतिम संस्कार

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद में एक अत्यंत दुःखद घटना सामने आई, जहां नई अनाज मंडी परिसर में गंभीर रूप से बीमार गौमाता को समय पर चिकित्सकीय सहायता न मिलने के कारण तड़प-तड़प कर प्राण त्यागने पड़े।जानकारी के अनुसार, रविवार सांय करीब 5 बजे गौसेवक भाई केशव द्वारा बीमार गौमाता की सूचना प्राप्त होते ही गौसेवक विवेक राजपूत (बजरंग दल), सोनू राजपूत, कूलकनिष्क शर्मा प्रिंस, गौरव लोधी, एवं संजय लोधी तत्काल मौके पर पहुंच गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत पशु चिकित्सक टीम को सूचित किया, किंतु सूचना के बावजूद डॉ. टीम देर तक नहीं पहुंची, जिसके कारण गौमाता ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया।

# जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता तथा मा० साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत की गरिमापूर्ण उपस्थिति में जिला स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2025, जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन गोष्ठी-2025 एवं एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन काकरान वाटिका बिजनौर में किया गया।

इस अवसर पर कुणाल रस्तोगी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिजनौर, जय सिंह कुशवाहा डी०एफ० ओ० बिजनौर, डा० घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक, डा० लोकेश कुमार अग्रवाल मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जसवीर सिंह तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी बिजनौर, महेश गौतम वन क्षेत्राधिकारी बिजनौर, डा० के०के० सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डॉ० पिन्टू सिंह, कृषि वैज्ञानिक, श्रीमती शिवांगी कृषि वैज्ञानिक एवं लगभग 750 से अधिक कृषक बंधु मौजूद थे।

सर्वप्रथम मा० साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर एवं जसजीत कौर जिलाधिकारी द्वारा किसान मेला/गोष्ठी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर, शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषि, कृषि से सम्बद्ध विभागों तथा निजी उर्वरक कीटनाशक विक्रेताओ द्वारा लगायी गयी स्टालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एफ०पी०ओ० मौपुरदेवमल फैड प्रो०क०लि० के अध्यक्ष चौधरी सर्वेन्द्र कुमार को कस्टम हाईरिंग सेन्टर चाबी प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया गया।मा० साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी किसान भाईयों से अपेक्षा की गयी कि गोष्ठी में उपस्थित कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जो जानकारी उपलब्ध करायी है उनका अनुश्रवण अवश्य करे साथ ही कृषि में नयी-नयी विधाओं का प्रयोग करते हुए सहफसली खेती करे ताकि अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। गोष्ठी में उपस्थित किसान भाईयों से अपने खाने में मिलेट्स को समावेश करने का भी आग्रह किया गया एवं मिलेट्स के गुणों के विषय में भी बताया गया।

जसजीत कौर, जिलाधिकारी महोदय, बिजनौर द्वारा रबी उत्पादकता गोष्ठी 2025 में जनपद में रबी सीजन के अन्तर्गत बीज, उर्वरक, मिनीकिट वितरण आदि की उपलब्धता के विषय में जानकारी दी गयी एवं कृषि विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ न्याय पंचायत स्तर तक कृषकों को पहुँचाने के लिए गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों/कृषकों से अपेक्षा की गयी कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनपद के कृषकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कृषि वैज्ञानिक कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी कृषकों को उपलब्ध करायें ताकि कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर लाभान्वित हो सकें। इस सम्बन्ध में कृषि अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों को निर्देश दिये गये कि इस सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार कर रबी अभियान को सफल बनाएं। गोष्ठी में पराली प्रबन्धन के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए अधिकारियों/कृषकों से अपील की गयी कि खरीफ फसलों के अवशेषों को न जलाकर, उन अवशेषों से जैविक खाद का उत्पादन करे तथा जैविक खाद को अपने खेतों में डालकर खेतों की मिटटी की उर्वरकता बढ़ाये जिलाधिकारी कौर द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी कृषकों एवं अन्य अधिकारियों को कृषि अपशिष्ट न जलाने की शपथ दिलायी गयी। गोष्ठी में श्री अन्न (मिलेट्स) की तकनीकी जानकारी फसलवार यथा ज्वार, बाजरा, रागीं, कंगनी, कुटकी, सांवा, कोदो, चीना, कुटू एवं रामदाना के विषय में विस्तृत रूप से तकनीकी जानकारी देते हुए बताया गया कि श्री अन्न खाद, पशु चारा, ईंधन, दवाइयां एवं अन्य मूल्य सवंर्धित उत्पादों के रूप में उपयोग किया जाता है। मिलेट्स शुष्क क्षेत्रों और कम उपजाऊ भूमि में भी अच्छी उपज दे सकते हैं। सूखा सहन करने की क्षमता होती है। इनमें बीज, उर्वरक, कीटनाशक, सिंचाई जल आदि कृषि निवेश कम लगने से किसानों को कम लागत में अधिक लाभ मिलता है। ये रोग प्रतिरोधी फसलें हैं।

# भारत विकास परिषद शिवा शाखा द्वारा धूमधाम से किया दीवाली मिलन समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** भारत विकास परिषद शिवा शाखा की ओर से श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में जगमग उत्सव के नाम से दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बीएचयू के ज्योतिष विभाग के ज्योतिषाचार्य डॉ.सुभाष पांडे रहे मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए डॉ.सुभाष पांडे ने कहा कि आज के युग में सनातन पर्व को परिवार जनों के साथ इस तरह मनाना और अपने आने वाली पीढ़ी को भी ऐसे संस्कार देना भारत विकास परिषद में ही संभव है। परिवार में किसी भी बात को लेकर यदि मनमुटाव हो जाता है तो सबसे सरल उपाय यह है कि आप में से दोनों में से कोई एक यह ठान ले की छह महीने तक गुस्सा नहीं करेंगे,तो यकीन मानिए कि उस घर में सुख, संपत्ति और शांति की कभी भी कमी नहीं रहेगी।अध्यक्ष पद से बोलते हुए राकेश मिड्ढा ने कहा की संस्था वर्ष पर्यंत अपने सभी साथियों को,परिवार को जोड़ने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है और दीवाली मिलन भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है इसमें नृत्य के बाद गणेशवंदना कुमारी आर्या मानसिंहका ने प्रस्तुत की सभा का मुख्य आकर्षण बिटिया श्रीजा विश्वास, नीलम गुप्ता व पिंकी सलूजा का नृत्य रहो अध्यक्ष राकेश मिड्ढा ने दिवाली से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया और सही जवाब देने वाले सदस्यों को बाहर भी वितरित किया गयो सभा का सफल संचालन अखिलेश तिवारी ने किया एवं धन्यवाद संयोजक राजकुमार गुप्ता ने दिया।

जगमग उत्सव कार्यक्रम में विशेष रूप से शशिकांत दीक्षित,श्री श्री नारायण खेमका,कृष्ण कुमार काबरा राय, सुशील कुमार,डॉ प्रकाश मेहता,डॉक्टर वीपी तिवारी,सरोज वर्मा,प्रभा कलानौरिया,तारा शर्मा, साक्षी मिड्ढा सहित शहर के कई गणमान्य दंपतियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।


# नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी ने पीआरवी का आकस्मिक निरीक्षण किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी ने सर्किल क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना मंडावली की पीआरवी संख्या 5534 और थाना नजीबाबाद की पीआरवी संख्या 2434 का जायजा लिया। निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया तथा कहा कि आम जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए वे हमेशा तैयार रहें क्षेत्राधिकारी ने पुलिसकर्मियों को अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पीआरवी वाहनों की स्थिति और उनके उपकरणों की भी जांच की गई। क्षेत्राधिकारी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों और उपकरणों को हमेशा तैयार और सही स्थिति में रखें, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके।

# नशे में डंपर चालक पकड़ा ईंट भट्टे का मलवा बरामद



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने समीरपुर के जंगल के पास एक संदिग्ध डंपर को रोककर जब्त कर लिया। जांच में पता चला कि डंपर चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था और डंपर में ईंट भट्टे का मलवा भरा हुआ था। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि नजीबाबाद क्षेत्र में रेत, बालू और मिट्टी के अवैध खनन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। अक्सर जेसीबी मशीनों का प्रयोग कर मिट्टी खोदी जाती है और डंपरों में भरी जाती है। नजीबाबाद थाने के ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध डंपर को मौके पर ही रोक लिया। पुलिस ने डंपर के मालिक को बुलाकर उचित कानूनी कार्रवाई के बाद वाहन को मुक्त कर दिया। यह कार्रवाई न केवल अवैध खनन को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी मददगार साबित होगी।

# प्रदेशस्तरीय वरिष्ठ पत्रकार एलएन सिंह की निर्मम हत्या पर लखीमपुर में शोक सभा, पत्रकारों ने जताया आक्रोश

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**




**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश के वरिष्ठ एवं निर्भीक पत्रकार स्व. एल.एन. सिंह की निर्मम हत्या से पूरा पत्रकारिता जगत शोक में डूब गया है। शब्दों की सच्चाई को स्वर देने वाले और जनहित की कलम चलाने वाले सिंह की याद में लखीमपुर खीरी के पत्रकारों ने दैनिक जनजागरण न्यूज कार्यालय में शोक सभा आयोजित की। सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पत्रकारों ने कहा कि एल.एन. सिंह केवल एक रिपोर्टर नहीं थे, बल्कि समाज की नब्ज पहचानकर जनता की आवाज उठाने वाले सच्चे जनसेवक थे। बताया गया कि स्व. सिंह कई प्रतिष्ठित न्यूज चैनलों से जुड़े रहे और दैनिक जनजागरण न्यूज प्रयागराज के रिपोर्टर के रूप में निडर पत्रकारिता करते हुए हमेशा सच के पक्ष में खड़े रहे। उनकी प्रतिबद्धता और निष्ठा को देखते हुए उन्हें जनजागरण संवाद सारथी सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

गौरतलब है कि बीते दिनों प्रयागराज के सिविल लाइन क्षेत्र में दिनदहाड़े उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। हालांकि प्रयागराज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी को हाफ एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार कर लिया, मगर इस घटना ने पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरएसएस इतिहास संकलन समिति के विभाग संयोजक ने पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की। जनजागरण संपादक अनिल श्रीवास्तव ने कहा, ह्लश्रद्धेय एल.एन. सिंह की कलम सदैव जनहित में चली, उनका जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है।

वहीं लखनऊ सुपरफास्ट के प्रदेश प्रभारी सर्वेश शुक्ला ने पत्रकारों की असुरक्षा पर चिंता जताई। दैनिक राष्ट्रीय स्वरूप के चंद्रशेखर शुक्ला और मंडल केसरी के अनिल गुप्ता ह्यअरविंदह्न ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एल.एन. सिंह का जाना पत्रकारिता की एक बड़ी क्षति है। दैनिक संज्ञान दृष्टि के स्पर्श सिन्हा ने कहा, ह्लएल.एन. सिंह जैसे पत्रकार समाज के लिए आदर्श थे, उनका जाना पत्रकारिता के एक युग का अंत है।

शोक सभा के अंत में यह संकल्प लिया गया कि सत्य और निष्पक्षता की लौ को कभी मंद नहीं पड़ने दिया जाएगा, क्योंकि यही स्व. एल.एन. सिंह के जीवन का सार था।

# लौह पुरुष सरदार पटेल जयंती की तैयारी को लेकर ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** भारत के लौह पुरुष और प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31अक्टूबर के अवसर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा हेतु शनिवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में बैठक संपन्न हुई बैठक में मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरदार पटेल की जयंती को जनभागीदारी के साथ भव्य रूप में मनाया जाए उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने एक भारत,श्रेष्ठ भारत का स्वप्न साकार किया उनकी जयंती पर ऐसे आयोजन हों,जो देश की एकता और अखंडता के संकल्प को सशक्त करें।

ऊर्जा मंत्री ने आगामी रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) सहित सभी कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और समयबद्ध रूप से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह दौड़ युवाओं में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना जागृत करेगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शासनादेश के अनुरूप विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा संस्थानों तक रंगोली,निबंध,भाषण प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर श्रद्धांजलि सभाएं,प्रभात फेरी एवं एकता दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे जिलाधिकारी ने बताया कि नगर आयुक्त,डीपीआरओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी और उच्च शिक्षा अधिकारी के समन्वय से व्यापक जनजागरूकता लाते हुए इन सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

# पीड़ित पत्रकार के परिजनों को सरकार करें आर्थिक मदद



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट इंडिया के प्रयागराज (एनयूजेआई) जिला इकाई ने गुरुवार की रात सिविल लाइंस में पत्रकार एलएन सिंह की हत्या पर आज आक्रोश व्यक्त करते हुए दिवगंत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी है।

दिवगंत पत्रकार के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और सरकार से पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा, आर्थिक मदद पत्नी को नौकरी देने और बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की मांग किया है। इस दुःख की घडी मे दिवगंत पत्रकार के परिजन के साथ सभी लोग खडे है।पत्रकार एलएन सिंह की नृशंस हत्या पर नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट इंडिया के प्रयागराज जिला इकाई के संरक्षक पवन दिवेदी,परवेज आलम और जिलाध्यक्ष अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव की अध्यक्षता शोक सभा हुई। सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया है कि पत्रकार साथी की हुई हत्या की हम सब कड़े शब्दों में निन्दा करते है और सरकार से मांग करते है कि मृतक पत्रकार के परिवार को शीघ्र विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाये तथा प्रदेश पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करें।

पत्रकार एलएन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में एनयूजेआई इंडिया के प्रयागराज जिला इकाई के संरक्षक पवन द्विवेदी, संरक्षक परवेज आलम अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव, महामंत्री अखिलेश शुक्ला, संगठन मंत्री चित्रांशी यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ सुधाकर पान्डेय, बीरेंद्र श्रीवास्तव, वीके यादव, जिया सिदिकी, बृजेश कुमार, मनीष दिवेदी, प्रवक्ता शनी केसरी, मीडिया प्रभारी असद कुरैशी, कोषाध्यक्ष मंत्री मधुर दरबारी, राम बाबू, इरफान खान, शिव पान्डेय आदि मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ वाराणसी में राहत-बचाव उपकरणों के उपयोग से संबंधित चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** 11वीं एनडीआरएफ वाराणसी के साहुपुरी कैंपस में राहत-बचाव उपकरणों के उपयोग से संबंधित अंतर बटालियन चार दिवसीय पेशेवर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुओ इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के आपदाओं के समय राहत-बचाव ऑपरेशन में काम आने वाले महत्वपूर्ण संचार उपकरणों के उपयोग से संबंधित प्रतियोगिता में सेटेलाइट से संचालित होने वाले क्विक डिप्लॉयडमेंट एंटीना,हाई फ्रिकवेंसी एवं वेरी हाई फ्रिकवेंसी उपकरणों को शामिल किया गया है इसके अतिरिक्त एक मिनट ड्रिल प्रतियोगिता में कॉलैप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन में तथा अन्य आपदाओं मे उपयोग होने वाले सभी उन्नत उपकरणों के साथ ही केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल व न्यूक्लियर आपदा में उपयोग की जाने वाली पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट को भी शामिल किया गया हैं। इन उपकरणों को प्रतियोगिता में शामिल करने का उद्देश्य आपदा के समय बचाव कार्मिकों द्वारा इनके कुशल उपयोग और प्रभावी प्रबंधन को परखना है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट संतोष कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी) ने अपने संबोधन में विभिन्न वाहिनीयों से आयें हुये प्रतिभागियों को शुभकामनाए देते हुये बताया की एनडीआरएफ के बचावकर्मिको को बहुत ही विकट परिस्थितियों में राहत व बचाव का कार्य करना पड़ता है।इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के भारी उपकरणों का त्वरित इस्तेमाल करते हुये अपनी सुरक्षा के साथ ही उपकरणों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना पड़ता है।इस प्रकार के प्रतियोगिता से बचाव कार्मिकों को अपनी क्षमता को बढ़ाने व कम से कम समय में बेहतर व सुरक्षित तरीके से राहत-बचाव कार्य करने की क्षमता में सुधार करने की प्रेरणा मिलती है।

# श्री श्याम मंडल वाराणसी द्वारा पातालेश्वर मंदिर से निकाली गई श्री श्याम निशान यात्रा

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** श्री श्याम मंडल वाराणसी द्वारा 11 दिवसीय निशान शोभा यात्रा के चौथे दिन शनिवार को श्याम नाम गूंज के साथ मैदागिन स्थित पातालेश्वर मंदिर से श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई जो बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए लक्सा स्थित श्री श्याम मंदिर में जाकर समाप्त हुई। इसके बाद प्रभु के चरणों में निशान अर्पण की गई प्रभु की आरती उतारी गई व श्याम चालीसा पढ़ा गया भक्तों में प्रसाद वितरण किया श्याम प्रभु की रंग- बिरंगे फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई।

इसके पूर्व श्री श्याम मंडल के मंत्री पवन कुमार अग्रवाल,कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार काबरा ने संयुक्त रूप से श्याम ध्वजा का पूजन की व भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा शुभारंभ कीं रास्ते भर भक्त भजन लहर लहर लहराई रे श्याम ध्वजा लहराई रे चालो चालो रे भक्ता खाटू श्याम चाल्ला मोर छड़ी लहराई रे कीर्तन की है रात बाबा थान आनो पडसी गाते चल रहे थे ।गाड़ी पर कृष्ण रूपी प्रभु श्याम की तैलिंग चित्र स्वदेशी मोर पंखियो से सजाई गई थी जो अद्भुत लग रहा थो इसके पीछे समाज की महिलाएं पुरुष बच्चे श्याम ध्वजा लिए चल रहे थे महिलाएं सजी थाली लिए चल रही थी। संयोजन में मुकेश गाड़ोदिया, सुरेश तुलस्यान,रवि कानोड़िया, पवन पांडे, जागृत गाड़ोदिया, संजय शर्मा, सिवाग शर्मा सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।



# जहांगीराबाद में सिंगापुर वेली की झलक दिखा रहा है मेला

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद में -आहार बाईपास रोड पर इस बार लगा मेला नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सिंगापुर की तर्ज पर सजाए गए इस सुंदर मेले में रोशनी, झूले, फूड स्टॉल और मनोरंजन के अनेक साधन लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं। मेले का मुख्य आकर्षण आधुनिक तकनीक से सजे झूले, बच्चों के लिए रंग-बिरंगे खिलौनों की दुकानें और स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड कॉर्नर हैं। शाम ढलते ही मेले की रौनक देखते ही बनती है – चारों ओर जगमगाती रोशनी और संगीत की मधुर धुनें वातावरण को उल्लासमय बना देती हैं।

# कृष्ण रुहेला के नेतृत्व में महाराज रणवीर सिंह रुहेला जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ओम साई, संतपुरा स्थित कृष्ण रुहेला के आवास पर महाराज रणवीर सिंह रुहेला की जयंती बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण रुहेला के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो रुहेला गणमान्य व्यक्ति, समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पण से हुई, जिसे रामनिवास रुहेला, नरेश रुहेला, श्रीनिवास रुहेला और शिवकुमार रुहेला द्वारा संपन्न किया गया। इसके पश्चात समाज के विभिन्न वक्ताओं ने महाराज रणवीर सिंह रुहेला के जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला।वक्ताओं ने कहा कि महाराज रणवीर सिंह रुहेला केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और समाज सुधार के प्रतीक थे। उन्होंने सदैव समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाई और अपने आदर्शों से समाज को नई दिशा दी। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।इस अवसर पर समाज के युवाओं ने एकजुट होकर समाजिक एकता, शिक्षा और संगठन के महत्व पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृष्ण रुहेला, रामनिवास रुहेला, नरेश रुहेला, श्रीनिवास रुहेला, शिवकुमार रुहेला, ईश्वर रुहेला,नीरज रुहेला, अजय रुहेला, भूषण रुहेला, दीपक रुहेला, विपिन रुहेला,मनोज रुहेला, संजय रुहेला,अक्ष रुहेला,पार्थ रुहेला, अमन रुहेला,सुनील रुहेला, सुनील रुहेला, अनुज रुहेला,कुलदीप रुहेला, हरि रुहेला,सचिन रुहेला, आदि समाज के सैकड़ो रुहेला बन्धु मुख्य रूप से मौजूद रहे !

# आर्य समाज वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन महिला जागृति सम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** आर्य समाज गोविंदपुरी मोदीनगर के 74 वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन महिला जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में आई महिला वक्ताओं ने ३राष्ट्र का आधार - सुसंस्कारित नारी३ एवं ३कन्या गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता३ विषय पर अपने विचार प्रकट किये। वैदिक आंदोलन की प्रखर प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ अर्चना प्रिया आर्य ने महिलाओं को बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने नारी उत्थान के जो कार्य किए हैं वह शब्दों में पिरोए नहीं जा सकते पाश्चात्य संस्कृति किस प्रकार समाज पर हावी हो रही है। किस प्रकार नव युवतियाँ लव जिहाद का शिकार हो रही है।इससे बचने का एक ही उपाय है कि बच्चों को घर से ही सत्य सनातन वैदिक धर्म की शिक्षा दी जाए। कार्यक्रम का संचालन कुमारी आद्या ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी श्रीमती अनीता आर्य ने अपने अध्यक्ष भाषण में कहा कि आज नारी विभिन्न भिन्न क्षेत्र में चाहे वह सीमा पर सुरक्षा का मामला हो पायलट हो ट्रेन के लोको पायलट हो जमीन से आसमान तक जो महिलाओं ने उड़ान भरी है।वह महर्षि दयानंद सरस्वती जी की ही देन है।नारी को फर्श से अर्श पर पहुंचने का कार्य युग प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने किया है।महिला समाज की मंत्री श्रीमती अनीता भाटिया ने कार्यक्रम में आए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती गीता त्यागी, श्रीमती नूतन मलिक, श्रीमती कुसुम, रेखा गोयल, राजकुमारी मलिक आदि उपस्थित रही।

# महिला सशक्तिकरण में पुलिस की भूमिका पर सम्मान समारोह का आयोजन


वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महिला सशक्तिकरण में पुलिस की भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से कल (आज) रविवार, 26 अक्टूबर 2025 को एक भव्य पुलिस सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:30 बजे गणेश वंदना से होगा। जिसके पश्चात अतिथि सत्कार और मुख्य अतिथियों के उद्बोधन होंगे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पूनम गर्ग करेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा. आनन्द कुमार (आई.पी.एस.-सेवा निवृत्त) तथा अतिविशिष्ट अतिथि केशव कुमार (आई.पी.एस.), अपराध एवं मुख्यालय, गाजियाबाद रहेंगे,वहीं श्रीमती सलोनी अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद महिला अपराध, विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम उद्योग व्यापार परिषद, मोदीनगर एवं युवा निर्माण वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक मुनु अग्रवाल, नीरज गुप्ता, अरविन्द गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में पुलिस के मानवीय और सहयोगी स्वरूप को सामने लाना है।

# युवाओं व किसानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम ने जिले में स्थानीय युवाओं व किसानों के मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री को जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर के माध्यम से ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अवगत कराना है कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना हेतु हजारों किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि सरकार द्वारा अधिग्रहित/क्रय की गई है । यह भूमि वर्षों से इन किसानों के जीवनयापन का मुख्य साधन रही है। भूमि अधिग्रहण के पश्चात अधिकांश परिवार आज जीविका के संकट से गुजर रहे हैं । हालांकि सरकार द्वारा मुआवजा राशि प्रदान की गई है, परंतु वह स्थायी समाधान नहीं है। किसानों की नई पीढ़ी बेरोजगारी की मार झेल रही है। हमारी मांगे निम्नवत जनपद गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा आदि में स्थापित उद्योगों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का कोटा 60 प्रतिशत निश्चित किया जाये। बिना भेदभाव के साठ वर्ष से ऊपर के सभी वृद्ध महिला एवं पुरुषों को वृद्धा पेंशन का लाभ सुचारू रूप से दिया जाये । भविष्य में जब भी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आयेंगे तो भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) संगठन को प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी मांग/बात रखने का समय दिलाया जाए। यदि उपरोक्त मांगे नहीं मानी गईं तो उपरोक्त लिखित सभी जिलों के युवा एकजुट होकर भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) संगठन के बैनर तले प्रधानमंत्री महोदय का घेराव करने को मजबूर होंगे जिसका ज़िम्मेदार प्रशासन स्वयं होगा इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर सिंह प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी एडवोकेट महिला प्रदेश अध्यक्ष गीता निगम आदि सैकड़ों की संख्या मे उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चंद घंटो में बच्चे को ढूंढ कर परिजनों के किया सुपुर्द

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी घर से किसी बात को लेकर, नाराज होकर एक 11 वर्षीय बच्चा, कहीं चला गया था। मोदीनगर की गोविंदपुरी चौकी पुलिस ने चंद घंटो में ही बच्चे को ढूंढ कर परिजनों के सुपुर्द कर किया। बच्चे के परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार गर्व मित्तल पुत्र गौरव मित्तल, निवासी न्यू मानवता पुरी गोविंदपुरी गाजियाबाद, उम्र करीब 11 वर्ष पब्लिक स्कूल सारा रोड हनुमान मंदिर के पास, पेरेंट्स टीचर मीटिंग में गया हुआ था। रिपोर्ट कार्ड में नंबर कम आने पर मां ने थोड़ा डांट दिया था। जिस से नाराज होकर बिना बताए कहीं चला गया था।

# तुलसी निकेतन में भीषण आग से मां-बेटी की मौत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र के तुलसी निकेतन कॉलोनी में बीती रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। कॉलोनी के फ्लैट संख्या 61-ए में अचानक आग लगने से पूरा मकान धुएं से भर गया, जिसके चलते अंदर मौजूद 30 वर्षीय पिंकी उर्फ परवीन पत्नी मोहम्मद जाकिर और उनकी 6 वर्षीय पुत्री परवीन की मौत हो गई। मां-बेटी की असमय मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही टीला मोड़ थाने के एसओ राजेंद्र सिंह पुलिस बल और रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोग भी मौके पर जमा हो गए और बचाव कार्य में सहयोग किया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि जब फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची, तो फ्लैट का मुख्य दरवाजा बंद और बाहर से ताला लगा हुआ मिला। पुलिस और फायरकर्मियों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि फ्रिज धधक रहा था, जिससे पूरे फ्लैट में विषैला धुआं फैल गया था। धुएं की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दोनों मां-बेटी को बाहर निकालना मुश्किल हो गया। स्थानीय महिलाओं की मदद से दोनों को बाहर लाया गया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि मृतक मोहम्मद जाकिर अपनी पत्नी और बेटी के साथ सिर्फ दो दिन पहले ही इस फ्लैट में शिफ्ट हुए थे। यह बात सामने आने के बाद आसपास के लोग भी स्तब्ध हैं, क्योंकि परिवार ने अभी क्षेत्र में किसी से ठीक से परिचय भी नहीं किया था। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच कई एंगल से की जा रही है। पुलिस और फायर ब्रिगेड यह पता लगाने में जुटी हैं कि आग शॉर्ट सर्किट, फ्रिज की खराबी या किसी अन्य वजह से लगी थी। मौके से जुटाए गए साक्ष्यों की तकनीकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम हर संभावित एंगल से जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण छिपा है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसरा है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि फ्लैटों की सुरक्षा व्यवस्था और बिजली उपकरणों की जांच नियमित रूप से की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। यह हादसा एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि शहरों में बढ़ती घनी आबादी और अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था किस तरह आम लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही है।

# पूर्वांचल समाज की आस्था के प्रतीक छठ महापर्व प्रारंभ, नगर में पांच छठ घाट तैयार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पूर्वांचल समाज की अटूट आस्था का पर्व छठ महापर्व आज शनिवार से प्रारंभ हो गया है। मोदीनगर व मुरादनगर में विभिन्न स्थलों पर पांच छठ घाट तैयार किए गए हैं। नगर पालिका, विद्युत विभाग तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी तौर पर बनाए छठ घाटों पर सफाई, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व सुरक्षा आदि की व्यवस्थाएं कराए जाने का दावा किया गया है। विधायक डॉ मंजू शिवाच, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली व अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा के अनुसार मोदीनगर में गोविंदपुरी की डबल स्टोरी कालोनी, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित मोदी यादगार, मोदी पोन कालोनी व मेरठ-दिल्ली रोड स्थित श्री कृष्णाश्रम (मोदी बाग) तथा मुरादनगर गंगनहर पर स्थित कृत्रिम तालाब बनाकर उनमें स्वच्छ पानी छोड़ा गया है। वहां सफाई व शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। अंकित चौधरी, सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी आदि उपस्थित रहे। उधर उपजिलाधिकारी अजित कुमार सिंह, एसीपी अमित कुमार सक्सेना तथा मसूरी की एसीपी लिपि नागाइच के अनुसार सभी छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुजनों की सुख-सुविधाओं एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

आज छठ पर्व के प्रथम दिन महिलाओं ने स्नान व पूजार्चना कर प्रसाद तैयार किया। लौकी, चने की दाल व चावल आदि सामग्री तैयार कर प्रसाद ग्रहण किया, तदनत्तर अगले दिन अर्थात रविवार को आगामी 36 घंटों का निर्जला उपवास (व्रत) रखेंगी। कई श्रद्धालुओं की शिकायतें हैं कि शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते त्यौहारी सीजन में फलों व सब्जियों के दाम आसमान छूने लगते हैं। फल एवं सब्जी विक्रेता श्रद्धालुओं की मजबूरी का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

# श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी छठ महापर्व के अवसर पर जनसुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्व के सुचारू आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गाजियाबाद ने इस संबंध में विस्तृत सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन एडवाइजरी जारी की है। एडीएम वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना से बचाव तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए सभी विभागों को सतर्क कर दिया गया है। एडीएम भट्ट ने कहा कि छठ पूजा के दौरान जिले में सभी निर्धारित घाटों पर पुलिस, गोताखोर, स्वयंसेवक दल और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी रखेंगे। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे केवल निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 या स्थानीय नियंत्रण कक्ष को सूचना दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। घाटों पर फिसलन रोकने के उपाय, रस्सियों और बैरिकेडिंग की व्यवस्था, तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। वहीं बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवार के सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे किसी को भी घाट पर अकेला न छोड़ें। एडीएम भट्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि श्रद्धालु नशे की हालत में या थकान की स्थिति में पानी में न उतरें, तथा अंधेरे या अनधिकृत घाटों पर पूजा करने से बचें। उन्होंने कहा कि धक्का-मुक्की, सेल्फी लेना या तेज आवाज में शोरगुल करना न केवल असुरक्षित है, बल्कि इससे दूसरों की आस्था और सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। भीड़ नियंत्रण को लेकर प्रशासन ने विशेष रणनीति बनाई है। घाटों पर प्रवेश और निकास मार्गों को अलग-अलग रखा जाएगा ताकि आवागमन में कोई बाधा न हो। मौके पर होमगार्ड, पुलिस बल और स्वयंसेवक दल तैनात रहेंगे। इसके साथ ही एम्बुलेंस, चिकित्सा दल और फायर सर्विस को भी तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश देने के लिए लाउडस्पीकर से लगातार जनसंदेश प्रसारित किए जाएंगे। वहीं, घाटों पर किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, अस्थायी स्टॉल या भीड़ बढ़ाने वाले आयोजन की अनुमति नहीं दी जाएगी। एडीएम भट्ट ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, अनुशासन और सामूहिक समर्पण का प्रतीक है। प्रशासन की पूरी कोशिश है कि यह पर्व दुर्घटनारहित, शांतिपूर्ण और सुखद माहौल में संपन्न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है- सुरक्षित छठ, सुखद छठ।

# कविनगर में मजदूर की पीट-पीटकर हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में हुई शिवकुमार हत्याकांड का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि हत्या का कारण जुए में हार और शराब के नशे में हुआ विवाद था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बेल्ट और डंडा भी बरामद कर लिया है।

थाना कविनगर पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देशपाल पुत्र मुकेश, निवासी ग्राम पोरारा की मढ़ैया, थाना रेहरा (अमरोहा) और धर्मवीर उर्फ धर्मी पुत्र नरेश सिंह, निवासी ग्राम रायपुर खादर, थाना चांदपुर (बिजनौर) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में देशपाल ने बताया कि वह, धर्मवीर और मृतक शिवकुमार तीनों साथ में मजदूरी का काम करते थे। 13 अक्टूबर की रात को तीनों काम से लौटने के बाद नासिरपुर फाटक के पास शराब पी रहे थे। इसके बाद उन्होंने जुआ खेलने का निर्णय लिया, लेकिन जुए में शिवकुमार हार गया। हारने पर उसने दोनों साथियों को गालियाँ दीं, जिससे विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने बताया कि गुस्से में देशपाल ने बेल्ट से और धर्मवीर ने पास पड़ा डंडा उठाकर शिवकुमार को पीटना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में शिवकुमार बेहोश हो गया और वहीं उसकी मौत हो गई। नशे में धुत दोनों आरोपी वहीं सो गए और अगली सुबह जब उन्होंने शिवकुमार को मृत पाया, तो मौके से फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मृतक के भाई राजकुमार पुत्र चेतनराम, निवासी ग्राम बुरावली, थाना रेहरा, जिला अमरोहा ने थाना कविनगर पुलिस को दी। उनकी तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

# स्वास्थ्य सेवा के नए युग की शुरूआत : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई छूने जा रहा है। इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी का भव्य उद्घाटन रविवार को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से होगा। इस अवसर पर प्रदेश और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, अधिकारी और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। यह उद्घाटन समारोह न केवल गाजियाबाद के लिए, बल्कि पूरे उत्तर भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। यशोदा मेडिसिटी ग्रुप के चेयरमैन एंड एमडी डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने भावुक होते हुए कहा कि इस अस्पताल की नींव उनके जीवन की सबसे गहरी पीड़ा से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि जब मेरी माता जी गंभीर रूप से बीमार थीं, तब मुझे एहसास हुआ कि हमारे देश में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कितनी कमी है। उसी क्षण मैंने निश्चय किया कि मैं ऐसा संस्थान बनाऊंगा, जो किसी को भी चिकित्सा सुविधा के लिए भटकने पर मजबूर न करे। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि आज यशोदा मेडिसिटी उनके उस संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल केवल ईंट और कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों की जीवंत मिसाल है। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, बल्कि देशभर में स्वास्थ्य सेवा की नई परिभाषा यशोदा मेडिसिटी के माध्यम से स्थापित हो। यशोदा मेडिसिटी की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उपासना अरोड़ा ने इस पूरे प्रोजेक्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर की दृष्टि से विकसित किया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मरीजों को सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि एक ऐसी संपूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले, जिसमें उन्हें आत्मीयता, सुरक्षा और विश्वास महसूस हो। डॉ. उपासना अरोड़ा ने बताया कि अस्पताल में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित डायग्नोस्टिक सिस्टम, रोबोटिक सर्जरी यूनिट, कार्डियक और न्यूरो सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक, 24 घंटे ट्रॉमा सेंटर, मल्टी-ऑर्गन ट्रांसप्लांट यूनिट, और इंटरनेशनल पेशेंट केयर विंग जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उनके पुत्र डॉ. शुभांग अरोड़ा, जो हाल ही में अमेरिका से उच्च चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर लौटे हैं, अब यशोदा मेडिसिटी की टीम का हिस्सा बन चुके हैं। युवा दृष्टिकोण और आधुनिक चिकित्सा तकनीक की समझ के साथ वे इस अस्पताल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रविवार को सुबह 10:45 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला राष्ट्रपति भवन से रवाना होगा और लगभग 11:20 बजे इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी परिसर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत देश व प्रदेश के जिग्गज नेता भी मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम करीब डेढ़ घंटे तक चलेगा, जिसमें उद्घाटन समारोह, स्मारक शिला अनावरण, अस्पताल की प्रदर्शनी का निरीक्षण और औपचारिक संबोधन शामिल होगा। इसके बाद राष्ट्रपति का काफिला दोपहर 1:05 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगा। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को त्रिस्तरीय बना दिया है।

# छठ पर्व: एसीपी ने किया वेव सिटी में छठ घाटों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने थाना वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न छठ पूजा स्थलों का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसीपी प्रियाश्री पाल ने छठ घाटों पर बनाए जा रहे अस्थाई स्टेज, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, भीड़-प्रबंधन, पार्किंग और जलाशयों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो तथा पूजा के समय भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस कर्मी लगातार गश्त करते रहें। एसीपी ने कहा कि छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। थाना स्तर पर सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भ्रमणशील रहकर पूजा स्थलों पर कड़ी निगरानी रखेंगे। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि घाटों के आसपास यातायात सुचारू रहे और आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। छठ पर्व को लेकर वेव सिटी पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस बल को जगह-जगह तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सूर्य देव की आराधना कर सकें।

## हाय-खाय के साथ शुरू हुआ आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आस्था, अनुशासन और पवित्रता का प्रतीक छठ महापर्व आज से 'नहाय-खायज्की विधि के साथ शुरू हो गया है। इस दिन से सूर्य उपासना और छठी मैया की आराधना का चार दिवसीय महापर्व प्रारंभ हो गया, जो 28 अक्टूबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। सुबह से ही श्रद्धालुओं के घरों में धार्मिक माहौल देखने को मिला। महिलाएँ स्नान के बाद सूर्यदेव को जल अर्पित कर व्रत का संकल्प ले रही थीं, वहीं पूरे दिन घरों में पवित्रता और सात्विकता का वातावरण बना रहा। छठ पर्व के पहले दिन व्रतियों ने घरों की सफाई के बाद स्नान कर भगवान सूर्य को जल अर्पित किया और व्रत का संकल्प लिया। परंपरा के अनुसार, नहाय-खाय के दिन बनाया गया भोजन पहले सूर्यदेव को भोग लगाकर ही ग्रहण किया जाता है। श्रद्धालुओं ने कद्दू की सब्जी, लौकी-चना दाल और चावल जैसे सात्विक व्यंजन बनाए और भगवान सूर्य को अर्पित करने के बाद स्वयं भोजन किया। इस दिन भोजन मिट्टी के चूल्हे पर, आम की लकड़ी या गोबर के उपलों से पकाया जाता है और कांसे या पीतल के बर्तनों का उपयोग किया जाता है, ताकि शुद्धता बनी रहे।

छठ पूजा का सबसे बड़ा संदेश स्वच्छता और आंतरिक शुद्धता है। व्रती और परिवार के सभी सदस्य इस दिन सादा और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि छठी मैया स्वच्छता और पवित्रता की प्रतीक हैं, इसलिए पूजा स्थल, रसोई और घर के हर कोने को शुद्ध रखा जाता है। व्रती स्नान के बाद गंगा, नदी या तालाब के जल से आचमन कर शरीर और मन को शुद्ध करते हैं, फिर पूजा की तैयारी में जुटते हैं। कल यानी रविवार को छठ पूजा का दूसरा चरण 'खरनाज या 'लोहंडाज मनाया जाएगा। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जल रहकर शाम को गुड़ से बनी खीर, रोटी और फल का प्रसाद बनाकर छठी मैया को अर्पित करते हैं। खरना की पूजा के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होता है, जो अगले दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद भी जारी रहता है।

## प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग मामले में एक नामजद समेत दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के गगन विहार निवासी प्रॉपर्टी डीलर मनीष कुमार पर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक जोगेंद्र उर्फ जग्गा है। 24 अक्तूबर को उन्हें कोर्ट में पेश कर न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। पुलिस मामले के मुख्य आरोपी अमन अघाना को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। प्रॉपर्टी डीलर मनीष की कॉलोनी में अमन अघाना की मौसी रहती हैं। इस वजह से उसका कॉलोनी में आना–जाना है। कुछ समय पहले अमन और मनीष की एक विवाद के चलते कहासुनी हो गई थी। मनीष का आरोप था कि तभी से अमन उनसे रंजिश मान रहा था। नौ सितंबर को अमन ने उनपर हमला किया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि 20 अक्तूबर की रात जब वह अपनी पत्नी दर्शना और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के दरवाजे पर खड़े थे। तब अमन मुकदमा वापस लेने के लिए कहने लगा। उनके इन्कार करने पर आरोपी ने पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले के एक आरोपी जोगेंद्र उर्फ जग्गा व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यारोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## टीवी मैकेनिक को चाकू मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**लोनी।** टीवी मैकेनिक पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चाकू बरामद किया है। इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि कुछ दिनों पहले राम पार्क कॉलोनी में रहने वाले दानिश को खुशहाल पार्क कॉलोनी स्थित चांद मार्केट के पास दस से अधिक युवकों ने गाली गलौज कर चाकू मारकर घायल कर दिया था। हमलावरों ने बीच बचाव करने पहुंचे वसीम, मोमिन और कासिम पर भी हमला किया था। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने दो भाईयों खुशहाल पार्क निवासी जावेद व सलीम को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बुधवार शाम को उनका टीवी मैकेनिक के साथ विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों ने साथियों के साथ मिलकर मैकेनिक समेत चार पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था।

# पश्चिम प्रदेश की लड़ाई कल से और तेज की जाएगी: कर्नल सुधीर चौधरी. केंद्रीय महासचिव पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण के लिए पश्चिम प्रदेश बजैहडा में विशाल रैली आयोजन किया गया मोर्चे के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संयोजक मंडल के राष्ट्रीय प्रवक्ता।और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप .केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री और सांसद डीपी यादव, मोर्चे के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव, केंद्रीय महासचिव कर्नल सुधीर चौधरी ने संबोधित किया। । धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि लंबे समय पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य विधानसभा में प्रस्ताव पास कराया था जिसमें उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के 27 जिलों को मिलाकर अलग राज्य के गठन की मांग की गई थी. और उसमें बताया गया था कि इस क्षेत्र की एक जैसी समस्याओं को देखते हुए और आजादी के 78 वर्ष बाद भी यहां का सर्वांगीण विकास ना हो पाने के कारण और यहां के लोगों को .न्याय मिलने में हो रही लगभग 20 सालों के समय . शासन प्रशासन की अनदेखी. राजनीतिक आर्थिक क्षेत्रों में हमारे लोगों को अत्यंत कम भागीदारी.को देखते हुए अलग राज्य गठन को अनिवार्य बताया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश निर्माण मोर्चा नए राज्य के गठन को लेकर राज्य भर में जन सवांद कार्यक्रम चला रहा है ।उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों से नए राज्य के गठन के लिए सड़कों पर आने का आह्वान किया है। यह रैली आज दोपहर 2:00 बजे बजैहड़ा में हुई । कर्नल सुधीर चौधरी. केंद्रीय महासचिव. ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग इसलिए भी जरूरी है नौजवानों को रोजगार हाई कोर्ट के मसलों के लिए इंसान परेशान रहता है छोटा राज्य अगर बन जाएगा तो उसमें सभी वर्ग को सहूलियत होगी उन्होंने यह भी बताया कि इसमें किसान मजदूर छात्र महिलाएं एवं सभी वर्ग के लोग हिस्सा ले रहे हैं। जाति धर्म से उठकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग को लेकर जगह-जगह आयोजन किया जा रहा है जिससे सरकार को चेताया जा सके कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश कितना जरूरी है छोटा राज्य होगा तो सहूलियत भी ज्यादा होगी बड़ा राज्य होने से करप्शन की भरमार है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जागेगी भारतीयता की भावना

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की दिशा में भागीरथ पब्लिक स्कूल एक बार फिर सराहनीय पहल करने जा रहा है। विद्यालय में हर वर्ष की तरह इस बार भी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा पांचवीं से लेकर बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं की भागीदारी अनिवार्य रखी गई है।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय सभ्यता, संस्कारों और गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक ज्ञान का समन्वय ही छात्र-जीवन को संपूर्ण बनाता है, इसी भावना के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक परीक्षा प्रणाली का भी अनुभव प्राप्त हो। परीक्षा की अवधि एक घंटे की होगी और इसमें भारतीय इतिहास, संस्कृति, धर्म, साहित्य और महान व्यक्तित्वों से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। इससे छात्रों में न केवल ज्ञान बढ़ेगा बल्कि वे भारत की गौरवमयी परंपरा से भी गहराई से जुड़ सकेंगे। विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को परीक्षा की तैयारी के लिए एक विशेष पुस्तक प्रदान की जाएगी, जिसमें परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। शिक्षकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे विद्यार्थियों को नियमित रूप से इस विषय की तैयारी में मार्गदर्शन दें, ताकि परीक्षा के साथ-साथ ज्ञानवृद्धि भी हो सके।

# अवैध निमार्णों पर चला बुलडोजर, कई भवन हुए सील और ध्वस्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शनिवार को इंदिरापुरम क्षेत्र में अवैध निमार्णों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई भवनों को सील कर दिया और एक मकान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष जीडीए के निदेशों पर प्रवर्तन जोन-6 की टीम द्वारा की गई। जीडीए का कहना है कि स्वीकृत मानचित्र से अधिक निर्माण करने वालों और अनधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। जीडीए की प्रवर्तन जोन-6 टीम ने सहायक अभियंता और अवर अभियंताओं की मौजूदगी में इंदिरापुरम के कई स्थलों पर कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान भूखंड संख्या-05, शक्तिखंड-2 पर निर्माणकर्ता श्रीमती रानू भदौरिया, भूखंड संख्या-1075, नीतिखंड-1 पर निर्माणकर्ता श्री जी.सी. सक्सैना, और भूखंड संख्या-340, शक्तिखंड-3 पर निर्माणकर्ता श्री सौरभ गुप्ता द्वारा स्वीकृत नक्शे से अतिरिक्त निर्माण किए जाने पर भवनों को सील कर दिया गया। टीम ने इसके बाद भूखंड संख्या-48, नीतिखंड-2, इंदिरापुरम स्थित निर्माणकर्ता श्री अनिल त्यागी के निर्माण स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। बताया गया कि उक्त स्थल पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अनधिकृत ढांचा खड़ा कर लिया गया था, जिसे जीडीए की टीम ने मौके पर गिरा दिया।

## हिंडन छठ घाट पर शुरू हुआ आस्था का महापर्व

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आस्था और परंपरा का प्रतीक छठ महापर्व शनिवार से गाजियाबाद में हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया। हिंडन छठ घाट पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने माँ गंगा का पूजन कर और नारियल फोड़कर पर्व की विधिपूर्वक शुरूआत की। इस अवसर पर पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्य, नगर निगम अधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया और नगर आयुक्त ने घाटों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हिंडन घाट सहित सभी घाटों पर गंगाजल के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। घाटों पर कुल 10 गंगाजल टैंकर का प्रबंध किया गया है और अन्य घाटों पर भी समान व्यवस्था की जाएगी। नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान और समापन के पश्चात भी स्वच्छता और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उपस्थित श्रद्धालुओं को नगर आयुक्त ने घाटों पर चल रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी और सभी से अपील की कि पर्व को स्वच्छता और अनुशासन के साथ मनाएं। नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी ने नगर आयुक्त के नेतृत्व में कार्यरत टीम को धन्यवाद दिया। इस वर्ष हिंडन छठ घाट पर तीसरी बार आयोजित होने वाला लेजर शो इस महापर्व की भव्यता में चार चाँद लगाएगा।

# विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों पर बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लेकर आगामी निर्वाचन की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक का आयोजन आयुक्त, मेरठ मण्डल / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निदेशों के तहत किया गया था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि अब तक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु 38 आवेदन और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु 1375 आवेदन फार्म प्राप्त हुए हैं, जो अपेक्षाकृत कम हैं। जिलाधिकारी ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि निर्वाचन की पारदर्शिता और व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए योग्य मतदाताओं के नाम जुड़वाने की प्रक्रिया को और तेज किया जाए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर से अर्ह मतदाताओं को जागरूक करें और उन्हें नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि 6 नवम्बर 2025 तक अधिकतम संख्या में पात्र नागरिक नामावली में शामिल हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है और इसमें सभी दलों का सहयोग आवश्यक है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार जाटव, दयाराम सैनी, आनंद चंद्रेश, ललित कुमार पारस, नवीन कुमार गौतम और मनोज कुमार, भारतीय जनता पार्टी से सुभाष चंद्र शर्मा, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र कुमार कसाना और ताहिर हुसैन, कांग्रेस से इस्माइल खां, आम आदमी पार्टी से सुमित देशबन्धु, तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से त्रिफूल सिंह उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में उप जिलाधिकारी मोदीनगर अजीत सिंह, तहसीलदार मोदीनगर रजत, उप जिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित, उप जिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल, और अपर उप जिलाधिकारी विराग पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामावली तैयार करने में सटीकता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही आमजन को भी इस प्रक्रिया से जोडे के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक पात्र शिक्षक और स्नातक को मतदाता सूची में शामिल करना लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।